संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -352 गुरूवार ,24 अक्टूबर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## देश की संक्षिप्त खबरें


### औद्योगिक शराब उत्पादन पर कानून बनाने की राज्य की शक्ति को नहीं छीना जा सकता



**एससी ने पुराने फैसले को पलटा**

**नई दिल्ली,23 अक्टूबर 2024, (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने औद्योगिक शराब के उत्पादन को लेकर फैसला सुनाते हुए केंद्र सरकार को झटका दिया है। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संवैधानिक पीठ ने 7 जजों की पीठ का फैसला पलटते हुए कहा कि औद्योगिक शराब पर कानून बनाने की राज्य की शक्ति को नहीं छीना जा सकता। पीठ ने कहा कि केंद्र के पास औद्योगिक एल्कोहल के उत्पादन पर विनियामक शक्ति का अभाव है। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला 8:1 के बहुमत से दिया है।

### अब नया स्पैम-ट्रैकिंग सिस्टम फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल को करेगा ब्लॉक




**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर 2024 (ए)।** भारत सरकार ने एक ऐसा स्पैम-ट्रैकिंग सिस्टम पेश किया है, जो भारतीय फोन नंबरों के रूप में आने वाली इनकमिंग इंटरनेशनल कॉल्स की पहचान कर उन्हें ब्लॉक कर सकता है। इंटरनेशनल इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल्स प्रिवेंशन सिस्टम' नामक इस सिस्टम को दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पेश किया है।

### शोहरतगढ़ के बस दुर्घटना में तीन की मौत



**लखनऊ,23 अक्टूबर 2024 (ए)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार, नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय ने सिद्धार्थनगर जिले के शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुई बस दुर्घटना के पीड़ितों से मिलने का कार्य किया। यह दुर्घटना 18 अक्टूबर 2024 को शाम 6:30 बजे बलरामपुर जिले के पचपेड़वा से आ रही एक निजी बस के अनियंत्रित होकर सिद्धार्थनगर के ढेबरुआ थाना क्षेत्र के चरगवा नाले के पास पलट जाने के कारण हुई।दुर्घटना में शोहरतगढ़ विधानसभा के ग्राम खुरहुरिया निवासी श्री मंगनीराम (पुत्र राम आसरे), मोहनकोला निवासी गम्मा (पुत्र मुनि, उम्र 60 वर्ष), और ग्राम पैकी निवासी अजय शर्मा (पुत्र बाबू लाल, उम्र 14 वर्ष) की मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में कई अन्य लोग, जिनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, घायल हो गए हैं और उनका इलाज जारी है।

# दाना को लेकर बंगाल-ओडिशा में हाई अलर्ट

**कोलकाता,23 अक्टूबर 2024, (ए)।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने चक्रवात दाना के कारण नुकसान की आशंका के मद्देनजर बंगाल में हाई अलर्ट है। चक्रवात से मुकाबले के लिए राज्य सरकार व प्रशासन ने पूरी तैयारियां और जरूरी एहतियाती कदम उठाने का दावा किया है।

**चार दिन तक स्कूल-कॉलेज बंद**

राज्य के तटवर्ती व आसपास के नौ जिलों के सभी स्कूल-कालेजों को बुधवार से शनिवार तक के लिए बंद कर दिया गया है। राज्य सरकार के सूत्रों के अनुसार, निचले इलाकों से अब तक करीब डेढ़ लाख लोगों को निकालकर सुरक्षित जगहों (आश्रय गृहों) पर पहुंचाया गया है। चक्रवात को लेकर राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत ने बुधवार को भी अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की।

**340 ट्रेनें की गई रद्द**

चक्रवात के मद्देनजर पूर्व और दक्षिण पूर्व रेलवे ने 24 और 25 अक्टूबर को 340 से अधिक लंबी दूरी के मेल-एक्सप्रेस और लोकल ईएमयू ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। इनमें दक्षिण पूर्व रेलवे (दपूरे) की करीब 120 मेल-एक्सप्रेस और 52 लोकल ट्रेनें शामिल हैं। दपूरे द्वारा रद्द ज्यादातर एक्सप्रेस ट्रेनों में ओडिशा व दक्षिण भारत की तरफ जाने वाली रेलगाड़ियां शामिल हैं।
वहीं, पूर्व रेलवे ने सियालदह मंडल की विभिन्न शाखाओं में 24 अक्टूबर को रात आठ बजे से 25 की सुबह 10 बजे तक कुल 190 ईएमयू लोकल ट्रेनों को रद करने की घोषणा की है। पूर्व व दपूरे दोनों का मुख्यालय कोलकाता में है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐहतियाती उपाय के रूप में यह कदम उठाया गया है।



**मछुआरों के समुद्र में जाने पर रोक**

मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर राज्य सरकार ने बुधवार से शुक्रवार तक के लिए मछुआरों के समुद्र में जाने पर रोक लगा दी है। तटवर्ती क्षेत्रों में लगातार माइकिंग करके भी लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

**कब टकराएगा चक्रवात?**

भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) के अनुसार, इस चक्रवात के गुरुवार देर रात या शुक्रवार सुबह ओडिशा के पुरी और बंगाल के सागरद्वीप के बीच तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने चक्रवात के कारण दक्षिण बंगाल के विभिन्न जिलों- उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, कोलकाता, हावड़ा और हुगली में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसके कारण तटवर्ती जिलों में भारी नुकसान की आशंका जताई गई है। इसको लेकर राज्य प्रशासन सतर्क है।

**24 घंटे काम कर रहा नियंत्रण कक्ष**

चक्रवात को लेकर राज्य और जिला स्तर पर एकीकृत नियंत्रण कक्ष खोले गए हैं, जो चौबीसों घंटे काम कर रहा है। सभी डीएम-एसपी को निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को हटाकर सुरक्षित जगह पर पहुंचाने का पहले ही निर्देश दिया गया है। तटवर्ती जिलों में राज्य और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ व एनडीआरएफ) की कई टीमों को भी तैनात किया गया है।

**तटरक्षक बल भी पूरी तरह तैयार**

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने कहा कि वह सतर्क है और उसने बंगाल की खाड़ी के ऊपर किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अपने जहाजों और विमानों को तैनात कर दिया है। एनडीआरएफ ने कहा कि उसने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अब तक दक्षिण बंगाल में अपनी 13 टीमें तैनात की हैं।

# उद्धव ने 65 कैंडिडेट की लिस्ट जारी की

**» कांग्रेस-शिवसेना उद्धव और एनसीपी शरद 85-85-85 सीटों पर लड़ेंगी**



**नई दिल्ली,23 अक्टूबर 2024 (ए)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए शिवसेना की बुधवार शाम पहली लिस्ट जारी हुई। उद्धव ठाकरे ने 65 प्रत्याशियों की सूची जारी की, इसमें वरली से उनके बेटे आदित्य ठाकरे को प्रत्याशी बनाया गया है। कोपरी पाचपखाडी से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सामने केदार दिघे को टिकट दिया है।
शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर के खिलाफ ठाकरे गुट ने सावंतवाडी से पूर्व विधायक राजन तेली को टिकट दिया गया है। कैबिनेट मंत्री अब्दुल सत्तार के खिलाफ सिल्लोड से सुरेश बनकर को चुनाव में उतारा गया है। शिवसेना की लिस्ट में 3 महिलाओं को टिकट दिया गया है। पांच सीटें एससी और 3 सीटें एसटी के लिए हैं। महाराष्ट्र महाविकास अघाड़ी में शिवसेना ने सबसे पहले लिस्ट जारी की है। अभी कांग्रेस और एनसीपी की लिस्ट आनी बाकी है। एमव्हीए ने सीट शेयरिंग का फार्मूला भी बताया है। शिवसेना उद्धव के नेता संजय राउत ने बताया कि कुल 270 सीटों पर बात बन गई हैं। कांग्रेस-शिवसेना और एनसीपी 85-85-85 सीटों यानी 255 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी।
बची हुई 33 सीटें में कुछ सीटें एमव्हीए के तीनों दलों को मिलेंगी। कुछ सीट आई. एन. डी. आई. ए. ब्लॉक के अन्य दलों को दी जाएंगी। अन्य दलों में समाजवादी पार्टी,एसडब्ल्यूपी और सीपीआई समेत अन्य पार्टियां शामिल हैं। हालांकि, अन्य दलों को कितनी सीटें दी जाएंगी ये अभी नहीं बताया गया है।

**होल्ड पर रखी गई मुंबई की दहिसर सीट**

मुंबई की दहिसर विधानसभा सीट उद्धव के हिस्से आई है। इस सीट को फिलहाल होल्ड पर रखा गया है। क्योंकि उद्धव यहां से अभिषेक घोसालकर की पत्नी तेजस्विनी को चुनाव लड़ना चाहते हैं। लेकिन अभिषेक के पिता पूर्व विधायक विनोद घोसालकर भी दहिसर सीट से टिकट मांग रहे हैं।

# प्रियंका गांधी की चुनावी दस्तक

**» वायनाड से दाखिल किया नामांकन...**


**वायनाड, 23 अक्टूबर 2024 (ए)।** प्रियंका गांधी ने वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी और उनके भाई राहुल गांधी भी मौजूद थे। प्रियंका गांधी केरल के वायनाड से कांग्रेस की उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही हैं, जहां से पहले राहुल गांधी सांसद थे। उनके नामांकन के दौरान एक बड़े रोड शो का भी आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थकों ने हिस्सा लिया। इस नामांकन के साथ प्रियंका गांधी ने आधिकारिक रूप से इस उपचुनाव में अपनी उम्मीदवारी की शुरुआत की।प्रियंका ने नामांकन से पहले कहा- जब मैं 17 साल की थी, तब मैंने पहली बार पिता के लिए 1989 में कैंपेन किया था। तब से इन 35 साल के दौरान मां, भाई के लिए वोट मांगें। अब पहली बार खुद के लिए समर्थन मांग रही हूं। वायनाड लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव आवश्यक हो गया क्योंकि राहुल गांधी, जिन्होंने वहां से लोकसभा चुनाव जीता था और रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र, ने वायनाड खाली करने का फैसला किया।



# दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर 2024 (ए)।** किसानों द्वारा जलाई जा रही पराली को लेकर लोगों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। दिल्ली-एनसीआर में धुए की चादर छाई हुई है। वहीं इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई है। इस दौरान कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा को फटकार लगाई है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि पराली जलाने को लेकर आप सिर्फ कारण बताओ नोटिस कर रहे हैं। यह आपका रवैया है।
सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के तहत कार्रवाई करने में दोनों सरकारें पूरी तरह से नाकाम साबित हुई हैं। पराली जलाने के खिलाफ कदम उठाने को लेकर कोई गंभीरता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत में गलत बयानी की जा रही है। हम अवमानना नोटिस जारी करेंगे, अन्यथा हमें हकीकत बताएं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 21 जीवन के अधिकार के तहत शुद्ध हवा हरेक नागरिक का मूल अधिकार है। ऐसे में सरकारों का नाकाम रहना सीधे तौर पर नागरिकों को प्रदत्त मूल अधिकार का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि राज्यों की ओर से जो प्रस्ताव दिया गया है उसपर दो सप्ताह में निर्णय लें, मुआवजे की राशि बढ़ाने को लेकर नियमों में बदलाव करें।
पंजाब की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने जैसे ही कुछ कहने की कोशिश की तो जज नाराज हो गए। उन्होंने कहा, आप हमें कुछ अघिर कहने के लिए मजबूर न करें। राज्य सरकार की गंभीरता दिख रही है। पहले एडवोकेट जनरल ने कहा कि किसी पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। अब आप बता रहे हैं कि इस साल 5 केस दर्ज हुए हैं। सिर्फ 5? क्या यह संभव है? कोर्ट ने पंजाब सरकार का पिछ्ला हलफनामा दिखाया, जिसमें लिखा था कि किसी पर मुकदमा नहीं चल रहा है।





## कनपटी पर हथौड़ा मारकर ली थी 70 लोगों की जान

**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर 2024 (ए)।** भारत में एक ऐसा सीरियल किलर हुआ है जिसने सिर्फ मजे के लिए 70 लोगों की जान ले ली। वह शख्स लोगों की कनपटी पर हथौड़े से वार करता था और उसके शिकार के प्राण-पखेरू उड़ जाते थे। हथौड़े से लोगों की कनपटी पर हमला करके उनकी जान लेने के इसी कुकृत्य के चलते उस शख्स का नाम 'कनपटीमार शंकरिया' पड़ गया था, जबकि उसके माता-पिता ने उसका नाम शंकर रखा था। 'कनपटीमार शंकरिया' आजाद भारत के इतिहास का सबसे दुर्दांत सीरियल किलर है और दुनिया के सबसे खतरनाक हत्यारों में भी शामिल है।

# नशे की तस्करी करती पकड़ी गई पंजाब की पूर्व महिला एमएलए

**पुलिसकर्मी पर चढ़ाई गाड़ी**



**फिरोजपुर, 23 अक्टूबर 2024 (ए)।** पंजाब के फिरोजपुर से स्पेशल टास्क फोर्स ने नशा तस्करी करते हुए पूर्व विधायक सत्कार कौर और उनके ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार उनके पास से 100 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इसके अलावा 28 ग्राम चिट्टा और 1.56 लाख रुपए की ड्रग मनी उनके घर से बरामद हुई है।सूचना ये भी है कि जब एसटीएफ की टीम उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही थी तब पूर्व विधायक के ड्राइवर ने पुलिस मुलाजिम पर गाड़ी चढ़ा दी। सत्कार कौर 2022 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुई थी। दरअसल, पुलिस को एक सोर्स से सूचना मिली थी कि वह नशे का आदी है। उसे एक औरत नशा बेचने के लिए मजबूर कर रही है। इस दौरान सोर्स ने पुलिस को कुछ कॉल रिकॉर्डिंग दी थीं। जिसमें नशे की डील को लेकर बातचीत थी। पुलिस ने जांच की तो उसमें सत्कार कौर का नाम सामने आया। इसके बाद 2 मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगाया गया। इसमें 2 लोगों की भूमिका सामने आई। इसके बाध सोर्स ने पुलिस को कहा कि वह ग्राहक बनकर उनसे नशा मंगवा सकता है। इसके बाद उसने पूर्व विधायक से डील तय की। इस पर पुलिस ने ट्रैप लगाया। बुधवार शाम को सत्कार ड्राइवर के साथ खरड़ के बूथ वाला चौक पर नशे की सप्लाई करने आई तो टीम ने उसे काबू किया गया। इस दौरान सत्कार के ड्राइवर ने पुलिस कर्मचारी के पैर पर गाड़ी चढ़ा दी। बाद में उन्हें काबू कर लिया गया।

# पति को हिजड़ा कहना मानसिक क्रूरता के बराबर



**चंडीगढ़,23 अक्टूबर 2024 (ए)।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक पारिवारिक अदालत द्वारा एक व्यक्ति के पक्ष में दिए गए तलाक के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि पति को 'हिजड़ा' कहना मानसिक क्रूरता के बराबर है। जस्टिस सुधीर सिंह और जस्टिस जसजीत सिंह बेदी की बेंच ने इस साल जुलाई में एक फैमिली कोर्ट द्वारा पति के पक्ष में दिए गए तलाक के खिलाफ एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने कहा, 'यदि फैमिली कोर्ट द्वारा दर्ज निष्कर्षों की जांच सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के मद्देनजर की जाए तो यह बात सामने आती है कि अपीलकर्ता पत्नी के कृत्य और आचरण क्रू रता के समान हैं।'

# पशु चिकित्सा अधिकारी को 20 हजार लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा

**जबलपुर ,23 अक्टूबर 2024 (ए)।** आवेदक मैत्री गौ सेवक होकर शासकीय योजना के तहत राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के तहत गोवंशीय/भैंसवंशीय पशुओं की कृत्रिम गर्भाधान का काम वर्ष 2021-22 में किया गया जिसका प्रोत्साहन राशि 45000 रुपए प्राप्त हुई थी जिसमें से कमीशन के तौर पर पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉक्टर योगेश कुमार सेमिल द्वारा ₹25000 रिश्वत की मांग की गई।जिसकी शिकायत सत्यापन उपरांत आज दिनांक को पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉक्टर योगेश कुमार सेमिल को कार्यालय पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी विकासखंड दातलावादी जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा में ₹20000 रिश्वत लेते रंगे हाथों लोकायुक्त जबलपुर टीम के इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके, इंस्पेक्टर मंजू किरण तिर्की, इंस्पेक्टर नरेश बेहरा एवं 5 अन्य सदस्यों ने पकड़ा आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही की।






# केंद्र सरकार ने गैर बासमती चावल से हटाया निर्यात शुल्क


**नई दिल्ली,23 अक्टूबर 2024 (ए)।** केंद्र सरकार ने एक बार फिर चावल निर्यात नीति में बदलाव किया है। सरकार ने गैर-बासमती चावल पर लगाया गया 10 प्रतिशत का निर्यात शुल्क पूरी तरह से हटा दिया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब देश के कुछ हिस्सों में चुनाव चल रहे हैं। सरकार का कहना है कि यह निर्णय सभी आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद लिया गया है। चुनाव आयोग ने भी इस निर्णय को मंजूरी दे दी है, बशर्ते इसका कोई राजनीतिक फायदा न उठाया जाए।यह एक महीने के भीतर चावल निर्यात शुल्क में दूसरी कटौती है।

## संपादकीय

# रतन टाटा ने दायित्व को बखूबी संभाला

जिस समय- रतन टाटा अपने ग्रूप के प्रमुख बने,भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था में नए युग की शुरुआत हो रही थी। नए तौर-तरीकों के अनुरूप अपने को आगे बढ़ाने की चुनौती दरपेश थी। रतन टाटा ने इस दायित्व को बखूबी संभाला। रतन टाटा ने प्रमुख उद्योगपति के रूप में अपनी मिली-जुली विरासत छोड़ते हुए दुनिया को अलविदा कहा है। जिस समय- यानी 1991 में वे टाटा ग्रूप के प्रमुख बने, भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था में नए युग की शुरुआत हो रही थी। नए दौर में पुराने तरीकों से कारोबार का माहौल सिकुड़ने लगा था। रतन टाटा ने टाटा ग्रूप की जिम्मेदारी जेआरडी टाटा से संभाली थी। जेआरटी टाटा इस ग्रूप को देश का सर्व प्रमुख उद्योग समूह बना चुके थे। लेकिन अभी उनके कार्यकाल में ही धीरुभाई अंबानी जैसे उद्योगपतियों की नई पीढ़ी तेजी से उभर रही थी। इससे टाटा ग्रूप के सामने नए उद्योगपतियों की नई दृष्टि और नए तौर-तरीकों के बरक्स अपने को संभालने और आगे बढ़ाने की चुनौती दरपेश थी।कहा जा सकता है कि रतन टाटा ने इस दायित्व को बखूबी संभाला। नए बने भूमंडलीकरण के वातावरण में वे टाटा समूह को बहुराष्ट्रीय कारोबार के दायरे में ले गए। हालांकि विदेशों में कोरस, लैंड रोवर और जगुआर जैसे समूहों को खरीदने का उनका दांव बहुत कामयाब नहीं रहा, लेकिन ये जोखिम लेकर टाटा समूह ने वैश्विक प्रतिस्पर्धा में कारोबार के महत्त्वपूर्ण अनुभव हासिल किए। नई टेक्नोलॉजी के बढ़ते प्रचलन से बने अवसर को उन्होंने समझा और टाटा ग्रूप को इन हाई टेक क्षेत्रों में कारोबार के लिए तैयार किया। अर्थव्यवस्था के साथ वित्तीयकरण की बढ़ती प्रवृत्तियों के बीच उन्होंने टाटा ग्रूप की निवेश प्राथमिकताएं बदलीं। बहरहाल, उत्तराधिकारी चुनने का प्रकरण विवादित रहा। उन्हें अपने ही चयन से चुनौतियां मिलीं। ऐसे प्रकरणों से टाटा ग्रूप की प्रतिष्ठा पर आंच आई। इसके अलावा रतन टाटा पर राजनीति में दखल देने के आरोप भी लगे। एनजीओ फंडिंग के जरिए सरकारी नीतियों को प्रभावित करने और मोनोपॉली पूंजीवाद के दौर में राजनीति में दखल देने की बढ़ी प्रवृत्तियों के बीच उनकी भूमिका भी विवादों में आई। मगर इस दौर में टाटा ग्रुप के कई प्रतिस्पर्धी उद्योग समूहों पर ऐसे हस्तक्षेप के कहीं अधिक संगीन आरोप लगे हैं। इनके बीच रतन टाटा ने मुख्य रूप से ऐसे उद्योगपति की अपनी छवि कायम रखी, जिसने उद्यम, जोखिम, निवेश और व्यापार के जरिए अपना वैश्विक प्रभाव कायम किया है।

# मुफ्त की रेवड़ियों की घोषणा



महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में मुफ्त की रेवड़ियों की घोषणा देखें तो हैरानी होगी कि इन सरकारों के पास कितना पैसा है, जो इतने खुले दिल से बांट रही हैं! चुनाव से ठीक पहले झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के तहत महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए देने का ऐलान किया। चुनाव से पहले पहली किश्त उनके खाते में डाल भी दी गई। तभी भाजपा ने गोगो दीदी योजना का ऐलान किया और कहा कि वह महिलाओं को हर महीने 21 सौ रुपए देगी। सोचें, होड़ लगा कर महिलाओं के खाते में पैसा डालने की इस योजना पर। क्या इसकी बजाय पार्टियां महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने और सम्मान के साथ जीने की स्थितियां मुहैया कराने के लिए काम नहीं कर सकती हैं?इसी तरह की योजना महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे सरकार ने घोषित की है। वहां माजी लड़की बहिन योजना के तहत महिलाओं को हर महीने डेढ़ हजार रुपए देने की घोषणा हुई है। रुपए महिलाओं के खाते में जाने भी लगे हैं। लाड़ला भाई योजना के तहत सरकार ने युवाओं को उनकी शिक्षा या डिग्री के हिसाब से छह हजार से 10 हजार रुपए महीना तक दे रही है। चुनाव से पहले महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, किसानों के लिए, सरकारी कर्मचारियों के लिए, बुजुर्गों के लिए, ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए यानी हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ मुफ्त में देने की घोषणा हो रही है। कोई नीति बना कर स्थायी रूप से उनका भला करने की बजाय चुनाव के हिसाब से उनको कुछ न कुछ देकर लुभाने का प्रयास हो रहा है।कहीं बिजली फ्री दी जा रही है तो कहीं पानी फ्री किया जा रहा है तो कहीं बसों में यात्रा फ्री की जा रही है। सब कुछ फ्री फ्री फ्री हो रहा है। जनता समझ रही है कि सरकार इतना कुछ मुफ्त में दे रही है और वही जनता इस बात का जश्न भी मना रही है कि हर महीने डेढ़ लाख करोड़ रुपए से ज्यादा जीएसटी इकट्ठा किया जा रहा है। जनता लाखों करोड़ रुपए का टैक्स दे रही है और बदले में कौड़ी की कीमत की मुफ्त की रेवड़ी हासिल कर रही है। सरकारी कर्मचारियों और कारोबारियों की मिलीभगत से एक साल में 2.37 लाख करोड़ रुपए की गड़बड़ी जीएसटी में हो गई है। इतने की तो पूरी रेवड़ी नहीं बंटती होगी !जब अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बिजली, पानी फ्री करने की बात कही थी उसके बाद ही प्रधानमंत्री ने मुफ्त की रेवड़ी का जुमला गढ़ा था। उन्होंने इसका मजाक उड़ाया था और कहा था कि इस तरह की योजनाओं से देश की अर्थव्यवस्था बरबाद हो जाएगी। लेकिन जब लगा कि यह योजना तो सफल है। इसके जरिए वोट हासिल किया जा सकता है और दूसरा कुछ करने की जरुरत भी नहीं रह जाएगी तो उनकी पार्टी ने बढ़ चढ़ कर मुफ्त की रेवड़ियों की घोषणा शुरू कर दी।

-हरिशंकर व्यास-

# महान गणितज्ञ सोफिया एलेक्जेंड्रोवना



संजय गोस्वामी
मुंबई, महाराष्ट्र

सोफिया एलेक्ज़ेंड्रोवना का जन्म 31 जनवरी 1896 को प्रूज़नी, बेलारूस में हुआ सोफ़िया एलेक्ज़ेंड्रोवना नीमार्क के पिता, एलेक्ज़ेंडर नीमार्क,एक अकाउंटेंट थे। उनका जन्म कोब्रिन के पास एक गाँव प्रूज़नी में एक यहूदी परिवार में हुआ था, जो उस समय रूसी साम्राज्य का हिस्सा था, लेकिन अब बेलारूस में स्थित है। उनके जन्म के तुरंत बाद आयोजित 1897 की जनगणना में प्रूज़नी की जनसंख्या 7,634 दर्ज की गई, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत यहूदी थे। हालाँकि, सोफ़िया प्रूज़नी में नहीं पली-बढ़ी; उसका परिवार काला सागर पर एक महत्वपूर्ण बंदरगाह शहर ओडेसा में स्थानांतरित हो गया। 1905 में, ओडेसा ने श्रमिकों के विद्रोह का अनुभव किया, और सैकड़ों नागरिकों की दुखद मौत ने नौ वर्षीय सोफ़िया को गहराई से प्रभावित किया होगा। उन्होंने ओडेसा जिमनैजियम में शास्त्रीय विषयों और गणित का अध्ययन किया, जहाँ उन्हें गणित के इतिहास में एक प्रमुख विद्वान इवान जुरेविच टिमचेंको से निर्देश प्राप्त करने का सौभाग्य मिला, जो विशेष रूप से विश्लेषणात्मक कार्यों पर अपने काम के लिए जाने जाते हैं। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि उनका नाम विभिन्न रूपों में दिखाई देता है। सोफिया और सोफिया दोनों ही उनके पहले नाम के सामान्य रूप हैं, जबकि यानोव्स्काया और जानोव्स्काजा दोनों ही उनके विवाहित नाम के प्रचलित रूप हैं। उनका पहला नाम नेइमार्क था 1915 में, सोफिया नेइमार्क ने ओडेसा में महिलाओं के लिए उच्च विद्यालय में दाखिला लिया, जो ओडेसा के नोवोरोसिस्स्क विश्वविद्यालय से संबद्ध था। वहाँ, उन्होंने टिमचेंको के अधीन गणित का अध्ययन किया, जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, और सैमुअल ओसिपोविच शातुनोव्स्की, जिन्हें समूह सिद्धांत, संख्या सिद्धांत और ज्यामिति जैसे विभिन्न गणितीय विषयों में गहरी रुचि थी। उन्होंने ज्यामिति, बीजीय क्षेत्रों,गैलोइस सिद्धांत और विश्लेषण की तार्किक नींव स्थापित करने के लिए स्वयंसिद्ध पद्धति का उपयोग किया। उनकी रुचि के विविध क्षेत्रों ने उनके छात्र नेइमार्क को बहुत प्रभावित किया। 1917 में रूसी क्रांति की शुरुआत के साथ, नेइमार्क राजनीति में सक्रिय रूप से शामिल हो गईं। जिमनैजियम में अध्ययन करते समय, वह पहले से ही भूमिगत रेड क्रॉस में शामिल हो गई थी, जो राजनीतिक कैदियों को सहायता प्रदान करती थी। नवंबर 1918 में, वह उस समय ओडेसा में अपनी अवैध स्थिति के बावजूद, रूसी कम्युनिस्ट पार्टी के बोल्शेविक गुट की सदस्य बन गईं। 1919 में, उन्होंने लाल सेना में एक राजनीतिक कमिसार के रूप में काम किया और ओडेसा में कोमुनिस्ट अखबार के संपादक की भूमिका निभाई। 1920 से 1923 तक, उन्होंने ओडेसा क्षेत्रीय पार्टी के लिए काम किया, इस दौरान उन्होंने अपनी शैक्षणिक गतिविधियों, विशेष रूप से गणित को पूरी तरह से अलग रखा। हालाँकि बोल्शेविकों ने देश को अर्थशास्त्रियों, वैज्ञानिकों, तकनीशियनों, प्रबंधकों, वकीलों, विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों, स्कूल शिक्षकों और लेखकों की आवश्यकता को पहचाना, लेकिन उनके अधिकांश समर्थक निरक्षर थे। इस अंतर को स्वीकार करते हुए, जानोवस्काजा ने 1923 में अपनी शिक्षा फिर से शुरू करने के लिए मजबूर महसूस किया और मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी में सेमिनारों में भाग लेना शुरू कर दिया। अगले वर्ष वह प्रोफेसरों के संस्थान में शामिल हो गईं, जिसे निम्न वर्ग के लोगों को शिक्षित करने के लिए बनाया गया था। प्रोफेसरों के संस्थान की स्थापना 1921 में हुई थी 1925 तक, जानोवस्काजा मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी में गणितीय पद्धति पर



एक सेमिनार का नेतृत्व कर रही थीं और अगले वर्ष, वह एक संकाय सदस्य बन गईं। 1931 में, उन्हें प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत किया गया और चार साल बाद, उन्होंने डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। जबकि जानोवस्का के जीवन में घटनाओं का उपरोक्त विवरण स्पष्ट रूप से उनके राजनीतिक विचारों को दर्शाता है, गणित से उनके संबंध को इंगित करना चाहिए। उस समय उनकी भावनाओं का अंदाजा लगाने के लिए, हम अंडर द बैनर ऑफ मार्क्सिज्म (1930) पुस्तक में प्रकाशित उनके लेख से उद्धरण देते हैं यदि प्राकृतिक वैज्ञानिकों के बीच मार्क्सवादी विचारों का प्रतिशत कम था, तो गणितज्ञों के बीच यह और भी कम था..तथाकथित मॉस्को स्कूल के पुराने प्रोफेसरों के पास गणित में एक अडिग अधिकार था, और उन्होंने भौतिकवादी दर्शन के घातक प्रभाव से गणित की रक्षा करने के लिए सब कुछ किया, जो अपनी पक्षपातपूर्ण प्रवृत्तियों और अपने वर्ग, सर्वहारा चरित्र को नहीं छिपाता था। यहाँ तक कि गणित और यांत्रिकी संस्थान या गणितीय सोसायटी ने भी कॉमरेड शब्द को स्वीकार नहीं किया... इसके विपरीत, इस सोसायटी के सदस्यों में श्वेत प्रवासियों का एक बड़ा हिस्सा था। हालाँकि, जानोवस्का रिपोर्ट कर सकती थी..क्रांति ने अंततः गणित और यांत्रिकी संस्थान को प्रभावित किया। संस्थान के प्रबंधन में आमूलचूल परिवर्तन हुआ। हालाँकि, लेनिनग्राद गणितीय सोसायटी का चल रहा शुद्धिकरण, जहाँ एक लोकप्रिय गणितीय सोसायटी की स्थापना के विचार को लगभग सभी गणितज्ञों द्वारा बड़े पैमाने पर खारिज कर दिया गया है, हाथ में मौजूद कार्य की जटिलता को उजागर करता है और प्रदर्शित करता है... गणितज्ञों को वर्गीकृत करने और वास्तविक सोवियत तत्वों की पहचान करने का उद्देश्य एक चुनौतीपूर्ण और दबावपूर्ण मुद्दा है। यह एक ऐसा मामला है जिसके लिए अत्यधिक सतर्कता की आवश्यकता है। 1935 में एक दिलचस्प घटना घटी, जैसा लुडविग विट्गेन्स्टाइन ने जानोवस्काजा से मुलाकात की और यूएसएसआर में स्थानांतरित होने का इरादा व्यक्त किया। हालाँकि, जानोवस्काजा ने उन्हें पुनर्विचार करने और अंततः इस योजना को छोड़ने के लिए मना लिया। जर्मनी और सोवियत संघ के बीच संघर्ष 22 जून, 1941 को शुरू हुआ, जब जर्मन सैनिकों ने पोलैंड के सोवियत कब्जे वाले हिस्से पर आक्रमण किया। हालाँकि जर्मन सेना ने हिटलर के आदेश के तहत मास्को की ओर अपनी प्रगति को अस्थायी रूप से रोक दिया, लेकिन उन्होंने अक्टूबर तक अपना आक्रमण फिर से शुरू कर दिया और दिसंबर तक मास्को को घेर लिया गया। जनोवस्काजा को मॉस्को विश्वविद्यालय के अन्य संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ पर्म (जिसका नाम 1940 में मोलोटोव के नाम पर रखा गया था) में ले जाया गया, जहाँ उन्होंने सामान्य बीजगणित विभाग में पाठ्यक्रम पढ़ाया। वह 1943 में मॉस्को लौट आईं और उन्हें मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी में गणितीय तर्क संगोष्ठी का निदेशक नियुक्त किया गया। जनोवस्काजा ने गणित और तर्क के दर्शन पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने फ्रेगे के दार्शनिक लेखन की आलोचना की। गणितीय तर्क में उनके योगदान ने सोवियत संघ में इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।1931 में जनोवस्काजा ने लिखा पूंजीवाद का आधुनिक संकट भौतिकवादी उपकरणों और विधियों (अंतर्ज्ञानवाद) को गणित से छीन लेता है, सिद्धांत और व्यवहार के बीच की खाई को चौड़ा करता है, और इसके सहज और अनियोजित चरित्र को बढ़ाता है।

गणित का इतिहास एक और रोचक विषय था जिसने जानोवस्का को आकर्षित किया और उन्होंने मिस्र के गणित पर कार्य प्रकाशित किए - मिस्र के भिन्नों के सिद्धांत पर (1947), ज़ेनो ऑफ़ एलिया के विरोधाभास, मिशेल रोले में कैलकुलस , जो कि इनफ़िनिटिमल एनालिसिस के रूप में हैं (1947), डेसकार्टेस की ज्यामिति , और गैर-यूक्लिडियन ज्यामिति पर लोबाचेव्स्की के कार्य जैसे शोधपत्र एन आई लोबाचेव्स्की के प्रमुख विचार है।-गणित में कैलकुलस (1950), एन आई लोबाचेव्स्की के दर्शन पर (1950), और एन आई लोबाचेव्स्की के विश्व दर्शन पर (1951)। जनोवस्काजा ने 1917 और 1957 के बीच यूएसएसआर में गणितीय तर्क के इतिहास के दो प्रमुख अध्ययन प्रकाशित किए। पहला भाग 1948 में प्रकाशित हुआ और दूसरा भाग 1959 में प्रकाशित हुआ।

जनोवस्काजा के काम का एक महत्वपूर्ण पहलू गणितीय तर्क में उच्च अंतरराष्ट्रीय ख्याति के कार्यों का रूसी में अनुवाद करना और उनका संपादन करना था। उदाहरण के लिए 1947 में उन्होंने रूसी में अनुवाद किया और हिल्बर्ट और एकरमैन के ग्रुंडजुगे डेर थियोरिटिसचेन लॉजिक को प्रकाशित किया, और 1948 में टार्स्की के तर्क और निगमनात्मक विज्ञान की कार्यप्रणाली का परिचय प्रकाशित किया। बाद में उन्होंने पोलिया के गणित और प्रशंसनीय तर्क, कार्नाप के अर्थ और आवश्यकता, और ट्यूरिंग के अत्यधिक महत्वपूर्ण के रूसी संस्करण तैयार किए। उन्होंने गुडस्टीन, चर्च और क्लेन के कार्यों के अनुवाद भी किए। जानोवस्का के काम के कुछ उदाहरण में स्वयंसिद्ध पद्धति के इतिहास पर 1958 में यूक्लिड के तत्व प्रकाशित हुआ था। लेख का पहला भाग काफी हद तक यूक्लिड के तत्वों और अरस्तू के कार्यों, विशेष रूप से उनके पोस्टीरियर एनालिटिक्स में स्वयंसिद्धों की चर्चा है। इसके बाद एल्गोरिदम के सिद्धांत और प्रमाण, निर्माण और समाधान की गणितीय अवधारणाओं के बारे में सामान्य टिप्पणियाँ हैं। 1966 में उन्होंने गणित के रचनात्मक विकास में गणितीय की भूमिका और विशेष रूप से डेसकार्टेस की ज्यामिति पर प्रकाशित किया। अपने शीर्षक के बावजूद, यह पत्र ऐतिहासिक दृष्टिकोण के बजाय गणितीय दृष्टिकोण से लिखा गया है। जनोवस्का का दावा है कि गणितीय कठोरता की आवश्यकता का एक उदाहरण यह तथ्य है कि तीन शास्त्रीय ग्रीक समस्याओं का समाधान तब तक नहीं हुआ जब तक कि उन्हें अधिक कठोरता से तैयार नहीं किया गया। एल गुगेनबुहल एक समीक्षा में लिखते हैं लेख में गणितीय विधि और गणितीय तर्क की ऐसी अवधारणाओं जैसे कि बहुलता का सिद्धांत, एल्गोरिदम का सिद्धांत, पूर्ण गणितीय प्रेरण का नियम, पुनरावर्ती कार्य और ट्यूरिंग मशीन की चर्चा शामिल है। यूक्लिडियन ज्यामिति के निर्माण को रूलर और कम्पास के रूप में वर्णित किया गया है। लेखक फिर कार्टेशियन ज्यामिति के तरीकों को शामिल करने के लिए निर्माण के साधनों के विस्तार का पता लगाता । बीजगणित के लिए ज्यामितीय समाधान खोजने की समस्या विश्लेषण दिया । उन्होंने गणितीय तर्क को एक आत्मनिर्भर और सम्मानजनक विज्ञान के रूप में पेश किया, जिसका गणित में विश्वास या गणित से कोई लेना-देना नहीं है। उनकी मृत्यु 24 अक्टूबर 1966 को मास्को, यूएसएसआर में हुआ लेकिन ज्यामिति के उपकरणों का सिद्धांत को लोग आज भी याद करते हैं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# सन्तान की दीर्घायु की कामना का पर्व है अहोई अष्टमी




घटती-घटना
रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू राजस्थान

अहोई अष्टमी का व्रत कार्तिक कृष्ण पक्ष की अष्टमी के दिन किया जाता है। विशेष तौर पर यह पर्व माताओं द्वारा अपनी सन्तान की लम्बी आयु व स्वास्थ्य कामना के लिए किया जाता है। पुत्रवती महिलाओं के लिए यह व्रत अत्यन्त महत्वपूर्ण है। जिन माता-पिता को अपने सन्तान की ओर से स्वास्थ्य व आयु की दृष्टि से चिंता बनी रहती हो। इस पर्व पर सन्तान की माता द्वारा समुचित व्रत व पूजा करने का विशेष लाभ प्राप्त होता है। सन्तान स्वस्थ होकर दीर्घायु को प्राप्त करती हैं।जिन दम्पत्तियों के पुत्र नहीं बल्कि पुत्री सन्तान है वे भी अहोई माता की पूजा कर सकती हैं। सन्तान की कामना वाली महिलाएं भी यह व्रत रखकर अहोई माता से सन्तान प्राप्ति की प्रार्थना कर सकती हैं। लेकिन यह भी नियम है कि एक साल व्रत लेने के बाद आजीवन यह व्रत टूटना नहीं चाहिए। पहले धारणा थी कि सिर्फ सपूतों के लिए ही व्रत रखा जाता है। ऐसा नहीं है। आज के बदलते दौर में जब पुत्री भी माता पिता के लिए बराबर की मान्यता साकार करती हैं तो पुत्रियों के सुख सौभाग्य के लिए भी अहोई माता कृपालु होती हैं।

अहोई अष्टमी का व्रत करवा चौथ के ठीक चार दिन बाद आता है। करवा चौथ पर महिलाएं पति की दीर्घायु की कामना के लिए व्रत करती हैं तो अहोई अष्टमी पर संतान की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत करती हैं। रात में तारों को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण करती हैं और फिर जल ग्रहण करती हैं। यह व्रत अहोई मैय्या को समर्पित होता है। अहोई अष्टमी का पर्व दीपावली के आरम्भ होने की सूचना देता है।

कहा जाता है कि प्राचीन काल में एक साहूकार रहा करता था। साहूकार की पत्नी चंद्रिका बहुत गुणवती थी। साहूकार की बहुत सन्तानें थीं। वह अपने परिवार के साथ सुख से जीवन यापन कर रहा होता है। एक बार साहूकार की स्त्री घर की लीपा-पोती हेतु मिट्टी लेने खदान में जाती है और कुदाल से मिट्टी खोदने लगती है, परन्तु उसी जगह एक सेह की मांद होती है और अचानक उस स्त्री के हाथ से कुदाल सेह के बच्चे को लग जाती है जिससे सेह के बच्चे की मृत्यु हो जाती है। इस घटना से साहूकार की पत्नी को बहुत दुख होता है। मन में पश्चाताप का भाव लिए वह घर लौट जाती है। परन्तु कुछ दिनों बाद उसकी संतानें एक-एक करके मरने लगती हैं। अपने बच्चों की अकाल मृत्यु से पति पत्नी दुखी रहने लगते हैं। बच्चों की शोक सभा में साहूकार की पत्नी विलाप करती हुई उन्हें बताती है कि उसने जान-बूझकर कभी कोई पाप नहीं किया लेकिन एक बार अंजाने में उससे एक सेह के बच्चे की हत्या हो गई थी।

यह सुनकर औरतें साहूकार की पत्नी को दिलासा देती हैं और उसे अष्टमी माता की पूजा करने को कहती हैं। साहूकार की पत्नी



दीवार पर अहोई माता और सेह के बच्चों का चित्र बनाकर माता की पूजा करती है और अहोई मां से अपने अपराध की क्षमा-याचना करती है। तब मां प्रसन्न हो उसकी होने वाली सन्तानों को दीर्घ आयु का वरदान देती हैं। तभी से अहोई व्रत की परम्परा प्रचलित हो गई।

अहोई माता के चित्रांकन में ज्यादातर आठ कोष्ठक की एक पुतली बनाई जाती है। उसी के पास सेह तथा उसके बच्चों की आकृतियां बना दी जाती हैं। उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अहोई माता का स्वरूप वहां की स्थानीय परम्परा के अनुसार बनता है। सम्पन्न घर की महिलाएं चांदी की अहोई बनवाती हैं। जमीन पर गोबर से लीपकर कलश की स्थापना होती है। अहोई माता की पूजा करके उन्हें दूध चावल का भोग लगाया जाता है। तत्पश्चात एक पाटे पर जल से भरा लोटा रखकर कथा सुनी जाती है। अहोई माता की पूजा के लिए गेरू से दीवार पर अहोई माता का चित्र बनाते हैं तथा साथ ही सेह और उसके बच्चों का चित्र भी बनाते हैं। सन्ध्या में आरती के समय के उपरान्त मां का पूजन करने के बाद अहोई माता की कथा सुनते हैं। पूजा के बाद सास-ससुर के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त कर बाहर आकाश में दीपक अर्पित करके तारों की पूजा कर जल चढ़ाते हैं। तारों को करवा से अर्घ्य भी दिया जाता है। इस दौरान अहोई माता का जाप भी करते हैं। अष्टमी का चांद देखने के उपरान्त व्रत पूजन पूरा हो जाता है और इसके पश्चात व्रती को जल ग्रहण करके व्रत का समापन करना होता है। पूजा के उपरान्त इस दिन लाल धागे की रक्षा सूत्र बांधकर पुत्र अथवा पुत्री को दीर्घायु का आशीर्वाद देना चाहिए!

अहोई माता पर एक दन्तकथा के अनुसार, प्राचीन काल में दतिया नगर में चंद्रभान नाम का एक आदमी रहता था। उसकी बहुत सी सन्तानें थीं, परन्तु उसकी सन्ताने अल्प आयु में ही अकाल मृत्यु को प्राप्त होने लगती हैं। अपने बच्चों की अकाल मृत्यु से पति-पत्नी दुखी रहने लगे थे। कालान्तर तक कोई सन्तान न होने के कारण वह पति-पत्नी अपनी धन दौलत का त्याग करके वन की ओर चले जाते हैं और बद्रिकाश्रम के समीप बने जल के कुंड के पास पहुंचते हैं तथा वहीं अपने प्राणों का त्याग करने के लिए अन्न-जल का त्याग करके उपवास पर बैठ जाते हैं। इस तरह छह दिन बीत जाते हैं तब सातवें दिन एक आकाशवाणी होती है कि हे साहूकार। तुम्हें यह दुरूख तुम्हारे पूर्व जन्म के पाप से मिल रह है। अतरू इन पापों से मुक्ति के लिए तुम्हें अहोई अष्टमी के दिन व्रत का पालन करके अहोई माता की पूजा अर्चना करनी चाहिए। जिससे प्रसन्न हो अहोई माता तुम्हें पुत्र प्राप्ति के साथ-साथ उसकी दीर्घ आयु का वरदान देंगी। इस प्रकार दोनों पति-पत्नी अहोई अष्टमी के दिन व्रत करते हैं और अपने पापों की क्षमा मांगते हैं। अहोई मां प्रसन्न हो उन्हें संतान की दीर्घायु का वरदान देती हैं।

वर्तमान समय में भी माताओं द्वारा अपनी सन्तान की ईष्टकामना के लिए अहोई माता का व्रत रखा जाता है और सांयकाल अहोई मता की पूजा की जाती है तो निश्चित रूप से इसका शुभफल उनको मिलता ही है और सन्तान चाहे पुत्र हो या पुत्री उसको भी निष्कंटक जीवन का सुख मिलता है। अहोई व्रत के दिन प्रात उठकर स्नान करें और पूजा पाठ करके अपनी संतान की दीर्घायु एवं सुखमय जीवन हेतु कामना करते हुए मैं अहोई माता का व्रत कर रही हूं ऐसा संकल्प करें। अहोई माता मेरी संतान को दीर्घायु, स्वस्थ एवं सुखी रखे। अनहोनी को होनी बनाने वाली माता देवी पार्वती हैं। इसलिए माता पार्वती की पूजा करें। अहोई माता की पूजा के लिए गेरू से दीवार पर अहोई माता का चित्र बनाएं और साथ ही सेह और उसके सात पुत्रों का चित्र बनाएं। सन्ध्या काल में इन चित्रों की पूजा करें।

# भाजपा का रिकॉर्ड बाकी पार्टियों से बहुत बेहतर

श्री उद्धव ठाकरे और श्री शरद पवार का गठबंधन यानी महा विकास अघाड़ी लोकसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर इस उम्मीद में है कि उसकी जीत हो जाएगी। लेकिन लोकसभा चुनाव का नतीजा एक अपवाद था। उसमें भी अगर वोट के आंकड़े देखें तो भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन यानी महायुति को कांग्रेस गठबंधन के मुकाबले सिर्फ तीन फीसदी कम वोट मिले हैं। यानी वोट का अंतर सिर्फ तीन फीसदी है और उतने पर ही तकनीकी कारणों से सीटों का अंतर दोगुने का हो गया।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के चुनाव प्रचार में कहा था कि हरियाणा कांग्रेस के लिए मध्य प्रदेश साबित होगा। उनकी बात सौ फीसदी सही साबित हुई। जिस तरह से मध्य प्रदेश में कांग्रेस हारी वैसे ही हरियाणा में जीत का पूरा माहौल बनाने और नैरेटिव सेट करने के बावजूद कांग्रेस हार गई क्योंकि वह न तो हरियाणा की 10 साल की डबल इंजन सरकार के प्रति बने प्रो इन्कम्बैंसी को समझ पाई और न कांग्रेस विरोध की अंतर्धारा को समझ पाई। जम्मू कश्मीर में भी नेशनल कॉन्फ्रेंस की जीत हुई है, कांग्रेस तो बुरी तरह से हारी ही है। उसकी सीटें 12 से घट कर छह रह गई और भाजपा की 25 से बढ़ कर 29 हो गई। असल में इस वास्तविकता को ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषक नजरअंदाज कर रहे हैं कि भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों की सरकारों के खिलाफ अपवाद के तौर पर ही कहीं एंटी इन्कम्बैंसी यानी सत्ता विरोधी माहौल पैदा हो रहा है। ज्यादातर जगहों पर प्रो इन्कम्बैंसी यानी सत्ता समर्थन की लहर पैदा हो रही है, जिससे एनडीए की सरकारें बार बार सत्ता में वापसी करती हैं।इस बात को आंकड़ों के आधार पर भी समझा जा सकता है। केंद्र में ही देखिए तो 50 साल के बाद ऐसा हुआ कि कोई सरकार लगातार तीसरी बार जीती। श्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की। 1977 में कांग्रेस जब पहली बार हार कर सत्ता बाहर हुई तो उसके बाद किसी भी पार्टी की सरकार लगातार तीसरी बार नहीं लौटी। वह रिकॉर्ड श्री नरेंद्र मोदी ने तोड़ा। इसी तरह अनेक राज्यों में देखा जा सकता है। हरियाणा में



लगातार तीसरी बार भाजपा की ज्यादा बहुमत और ज्यादा वोट के साथ सरकार बनी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, असम, त्रिपुरा, गोवा, मध्य प्रदेश, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, नगालैंड यानी 12 राज्यों में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों ने लगातार दो बार या उससे ज्यादा बार सरकार बनाई। इसके मुकाबले कुछ प्रादेशिक पार्टियों की तो सरकारें वापस लौटी हैं लेकिन कांग्रेस ने पिछले 10 साल में किस भी राज्य में लगातार दो बार सरकार नहीं बनाई है। इसका मतलब है कि कांग्रेस की जहां भी सरकार बनती है वहां पांच साल में उसके खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल बन जाता है और लोग उसे हरा देते हैं। एक दिलचस्प आंकड़ा यह भी है कि दिल्ली जैसे अपवाद को छोड़ दें तो भाजपा लगातार 10 साल तक किसी भी राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी नहीं रही है। यानी वह जहां एक बार मुख्य विपक्षी पार्टी बनती है वहां वह पांच साल में सत्ता में वापसी करती है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि इसकी मिसाल हैं।इन दोनों आंकड़ों को प्रकट करने का उद्देश्य यह बताना था कि झारखंड में भाजपा पांच साल से मुख्य विपक्षी पार्टी है और इस बार उसके वहां सत्ता में वापसी करने का समय है तो महाराष्ट्र में भाजपा के गठबंधन की सरकार है, जिसके खिलाफ कोई सत्ता विरोधी माहौल नहीं है क्योंकि आमतौर पर एनडीए सरकारों के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी नहीं होती है। इसलिए वहां भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां लगातार तीसरी बार सरकार बनाएंगी। यह ध्यान रखने की जरुरत है कि 2019 में भी भाजपा चुनाव नहीं हारी थी। पांच साल तक यानी 2014 से 2019 तक सरकार चलाने के बाद जब भाजपा और शिव सेना गठबंधन चुनाव में गया तब कहा जा रहा था कि एंटी इन्कम्बैंसी है और एनडीए चुनाव हार जाएगा। लेकिन इसका उलटा हुआ। एनडीए को 161 सीटें मिलीं, जिसमें भाजपा ने 105 और शिव सेना ने 56 सीटें जीतीं। दोनों को मिला कर 42 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। लेकिन चुनाव के बाद श्री उद्धव ठाकरे ढाई ढाई साल की सत्ता के लिए अड़ गए, जिसकी वजह से गठबंधन टूटा और कांग्रेस, एनसीपी ने जनादेश को धोखा देकर श्री उद्धव ठाकरे के साथ सरकार बनाई। महाराष्ट्र की जनता उस धोखे का भी इस बार बदला लेगी।

-एस. सुनील-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी कुलदीप साहू व घोटाले का आरोपी अनवर ढेबर व दीपक अंबिकापुर केन्द्रीय जेल में शिफ्ट

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी की नृशंस हत्या करने वाले आरोपी कुलदीप साहू को अंबिकापुर कोर्ट में शिफ्ट किया गया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में हुए आबकारी घोटोले का आरोपी अनवर ढेबर व महादेव सट्टा एप मामले के आरोपी दीपक नेपाली को भी अंबिकापुर केन्द्रीय जेल में शिफ्ट कराया गया है।




सूरजपुर जिले के दोहरे हत्याकांड का आरोपी कुलदीप साहू ने 13 अक्टूबर की रात सूरजपुर कोतवाली में पदस्थ प्रधानआरक्षक तालिब शेक की पत्नी व बेटी की निर्मम हत्या कर दी थी। मां-बेटी का शव घटनास्थल से करीब 5 किमी दूर गांव पीढ़ा मे मिला था। घटना से सूरजपुर सहित पूरे प्रदेश में आक्रोश था। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी कुपदीप साहू सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आदतन मुख्य आरोपी कुलदीप साहू को कोर्ट ने सूरजपुर जेल से अंबिकापुर केन्द्रीय जेल में शिफ्ट करने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच कुलदीप साहू को केन्द्रीय जेल अंबिकापुर शफ्टि करा दिया गया है। आबकारी घोटाले मामले का आरोपी अनवर ढेबर व महादेव सट्टा एप मामले के आरोपी दीपक नेपाली को भी केन्द्रीय जेल अंबिकापुर में शिफ्ट करा दिया गया है।

# जनजातियों के विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज में 23 अक्टूबर को जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान आदिवासी विभूतियों को श्रद्धासुमन अर्पित की गई। महाविद्यालय छात्राओं ने करमा नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि जबतक जनजातियों का विकास नहीं होगा तो देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि वास्तव में इस तरह के आयोजन जनजातियों के



गौरवशाली अतीत का उत्सा है। इस दौरान महान आदिवासी विभूतियों की चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। विशिष्ट अतिथि आयुक्त सरगुजा संभाग जीआर चुरेंद्र ने कहा कि जनजाजीय सामाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। विकसित भारत की कल्पना को साकार करने के लिए हमें आदिवासी जीवन दर्शन को अपनाना चाहिए। प्रदेश प्रवक्ता जनजातिया गौरव सामाज इंदर भगत ने कहा कि जनजातीय सामाज के इतिहास को प्रकाश में लाने की आवश्यकता है। जिससे नई पीढ़ी उनके सामाज के योगदानों से सीखे सके। इस दौरान संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुल सचिव एसपी त्रिपाठी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शांता जोसेफ सहित अन्य स्टाफ व छात्राएं शामिल रहीं।

# यूनियन ने की विद्युत कर्मचारियों के लिए न्यूनितम 30 हजार बोलस की मांग

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी के चेयरमैन डॉ. रोहित यादव के अंबिकापुर आगमन पर विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने स्वागत किया। इस दौरान यूनियन के पदाधिकारियों ने दीवाली के उपलक्ष्य में न्यूनतम 30 हजार बोनस



जारी करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की गई है। इस दौरान अंबिकापुर प्रवास पर पहुंचे विद्युत कंपनी के चेयरमैन ने कहा कि बोनस पर निर्णय अंतिम चरण में है। संभवतः जल्द ही आदेश जारी होगा। इसके अलावा उन्होंने अन्य मुद्दों पर भी छत्तीसगढ़ सरकार से प्राप्त निर्देशों और अनुशंसा के आधार पर आगे कार्य करने की बात कही। इनके साथ विद्युत वितरण कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर भीम सिंह कंवर भी थे। ज्ञापन सौंपने वालों में यूनियन के प्रांतीय उपाध्यक्ष जेपी पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष यतींद्र गुप्ता, प्रांतीय महासचिव अजय बाबर, क्षेत्रीय सचिव जेके श्रीवास्तव, सचिव आरके राजपूत, पूर्णानंद यादव, अमरजीत बेक, विरेंद्र साहू, चंद्रकांत जायसवाल, आरपी सिंह, मरगूब इकबाल शामिल रहे।

# दोपहिया वाहन चोरी के मामले मे सरगुजा पुलिस की कार्यवाही,मामले का आरोपी किया गया गिरफ्तार

» थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपी के विरुद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही

» आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया स्कूटी हौंडा एक्टिवा कुल किमती लगभग 01 लाख रुपये किया गया बरामद

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थी कन्हैया लाल अग्रवाल साकिन पुराना बस स्टैंड पुराना दुर्गा बाड़ी के सामने थाना कोतवाली अम्बिकापुर द्वारा दिनांक 12/10/24 कों थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि प्रार्थी घटना दिनांक 11/10/24 के देर शाम चांदनी चौक दुर्गा पंडाल मे दर्शन करने अपने हौंडा एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी/15/सी एन /1913 से आया था, और अपनी स्कूटी कों पंडाल के बाहर खड़ा कर अंदर चला गया था, दर्शन करने के बाद बाहर निकलकर देखा तो प्रार्थी का स्कूटी वाहन अपने खड़े किये हुए स्थान पर नही था, आस पास पता तलाश किया जो पता नही चला, किसी अज्ञात




व्यक्ति द्वारा प्रार्थी के स्कूटी कों चोरी कर ले गया हैं, प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 707/24 धारा 303(2) बी. एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल निरीक्षण कर मुखबीर तैनात किये गए थे, अज्ञात आरोपी एवं चोरी किये गये स्कूटी के पत्तासाजी के दौरान मामले के संदेही नईम उर्फ़ छोटू कों हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया, पूछताछ मे आरोपी द्वारा अपना नाम नईम उर्फ़ छोटू उम्र 27 वर्ष साकिन मोमिनपुरा थाना कोतवाली अम्बिकापुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर चांदनी चौक दुर्गा पंडाल के बाहर से स्कूटी वाहन चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया गया, आरोपी के निशानदेही पर चोरी किया गया स्कूटी वाहन कुल किमती लगभग 01 लाख रुपये बरामद किया गया हैं, आरोपी द्वारा घटना कारित किया स्वीकार किये जाने पर अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह अमित सिंह, आरक्षक दीपक दास, संजय, रमन मण्डल नितिन सिन्हा, विवेक राय शामिल रहे।

# 15 दिनों तक अभियान चलाकर 20 हजार लोगों को दी गई साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी





- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

साइबर क्राइम काफी तेजी से बढ़ रहा है। लोग लालच व नासमझी के कारण इसके शिकार हो जा रहे हैं। वहीं सरगुजा पुलिस द्वारा साइबर क्राइम से बचने के लिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है। 5 से 20 अक्टूबर तक साइबर जागरुकता पखवाड़ा का आयोजन किया गया था। 15 दिनों तक छात्र-छात्राओं, युवकों, महिलाओं को साइबर अपराध से बचने व सोशल मीडिया का उपयोग सावधानी पूर्व करने की जानकारी दी गई। बुधवार को सरगुजा पुलिस द्वारा इसका समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में एसपी योगेश पटेल ने कहा कि साइबर जागरुकता पखवाड़ा साइबर वालेंटियर्स एवं पुलिस के सहयोग से संपन्न हुआ है। 15 दिनों तक जागरुकता अभियान चलाकर लगभग 20 हजार लोगों को जागरुक किया गया। साइबर अपराधी फर्जी ऑनलाइन डिलीवरी के माध्यम से पार्सल में आपत्तिजनक सामान पकड़े जाने का भय दिखाकर, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट कर सामाजिक प्रतिष्ठा को खराब कर देने की धमकी देकर

डिजिटल अरेस्ट के मामले, सैक्स्टॉर्शन, एटीएम फ्रॉड, नशे के झूठे मामलों में गिरफ्तारी का भय दिखाकर,दुर्घटना की जानकारी देकर ठगी कारित करते हुए एक निर्धारित रकम की मांग की जाती है। एसपी ने बताया कि अगर कोई साइबर ठगी का शिकार होता है तो इसके लिए त्वरित रिपोर्ट महत्वपूर्ण है। ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु 1930 नंबर पर कॉल करें या नजदीकी पुलिस थाना या साइबर सेल में अपनी रिपोर्ट दर्ज कराएं, जिससे प्रकरण में त्वरित कार्रवाई कर पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराध से जुड़ी पैंटिंग के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर जागरूकता पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में शामिल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान होली क्रॉस स्कूल के एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस कैडेट्स को भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर उत्साहवर्धन किया गया।

# जनजाति व्यंजन में मिलेट्स से बीमारियों रहती थी दूर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंबिकापुर में 23 अक्टूबर को जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत कार्यक्रम के अंतर्गत जनजातीय महापुरुषों के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी के तृतीय दिवस के व्यंजन प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ शारदा प्रसाद त्रिपाठी ( कुल सचिव, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा छत्तीसगढ़) द्वारा उद्बोधन किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा की जनजाति व्यंजन में मिलेट्स (कोदो, कुटकी, रागी) की प्रधानता थी जो की फाइबर और कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा सिंगल डिजिट में होती है जो बीमारियों को दूर करती है जिससे हमारा शुगर और ब्लड प्रेशर सामान्य रहता है यह सब उन्होंने अपने स्वयं के अनुभव से बताया क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में लगभग 6 वर्षों से अपने जीवन में शामिल किया है। और उन्होंने प्रशिक्षणर्थीयों के द्वारा बने व्यंजन का अवलोकन करते हुए उनके व्यंजन में शामिल राजी चिला, मडिया पेज, महुआ लाटा और सभी व्यंजनों की सराहना की भविष्य में भी ऐसे ही मिलेट को अपने जीवन में प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम के दूसरे भाग के मुख्य अतिथि उपेंद्र सिंह ओरकरा ने प्रशिक्षण आर्थियों को प्रोत्साहित करते हुए राजमोहिनी देवी जी के जीवन का परिचय देते हुए कहा कि उनके उपदेशों का जैसे स्वच्छता नारी उत्थान सत्य बोलो नशापन ना करें बाली बंद करें इत्यादि विचारों का अनुकरण करने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने जनजाति कलाकृतियां एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का अवलोकन कर सहना भी की उपरोक्त प्रतियोगिता में शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्रशिक्षणार्थी एवं प्राचार्य पूर्णिमा पटेल अभिसारिका सिंह प्रशिक्षण अधिकारी भी सम्मिलित रहे। प्रदर्शन कार्यक्रम के सहसंयोजक अनविल विमोन मिंज ने आभार व्यक्त किया एवं आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सब की सहभागिता हेतु आगरा भी किया इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य राजेश सोनी एवं कार्यक्रम के संयोजक संतोष त्रिपाठी एवं संस्था के समस्त प्रशिक्षण अधिकारी कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित रहे जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत का आगामी कार्यक्रम 25 अक्टूबर को राजीव गांधी पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में होना तय है।




# एमजी रोड स्थित प्रवेश द्वारा पर टांगा गया विवादित बैनर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

शहर के मनेन्द्रगढ़ रोड स्थित बैरियर के पास एक विशेष समुदाय का विवादित बैनर टांगे जाने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने बैनर को हटवा कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना क्षेत्र के मनेन्द्रगढ़ रोड स्थित अजिरमा बाजार के पास प्रवेश गेट के पास एक विशेष समुदाय का विवादित बैनर मंगलवार की रात को टांगा गया था। रात में ही लोगों ने देखा तो मामले की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी। वहीं सूचना पर हिन्दू संगठन के लोग भी पहुंचे। पुलिस मौके पर पहुंचकर विवाद बैनर को ट्रक के सहारे उतरवाया गया। पुलिस विवाद बैनर को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक की मौत,जीजा गंभीर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं जीजा गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार राकेश पिता परमेश्वर चेरवा 21 वर्ष सूरजपुर जिले के भैयाथान का रहने वाला था। वह 21 अक्टूबर की शाम को अपने जीजा के साथ बाइक से ग्राम कुलहाड़ी जा रहा था।

रास्ते में खोंपा हाई स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां राकेश की स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे रायपुर रेफर कर दिया गया था। जहां रास्ते में ही इसकी मौत हो गई।

# स्वर्गीय रविशंकर त्रिपाठी की प्रतिमा के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दिए 8 लाख

» मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व आम जनता के प्रति सरगुजा सेवा समिति ने जताया आभार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व विधायक स्वर्गीय रविशंकर त्रिपाठी की अंबिकापुर शहर में प्रतिमा स्थापित करने के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने 8 लाख रुपये देने की घोषणा की है। इस संबंध में सरगुजा सेवा समिति की होटल कुमकुम में आयोजित बैठक में यह जानकारी देते हुए सरगुजा सेवा समिति के उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सरगुजा सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व विधायक, लोकप्रिय भाजपा नेता स्वर्गीय रविशंकर त्रिपाठी की प्रतिमा हेतु 8 लाख रुपये स्वीकृत कर अंबिकापुर शहर में प्रतिमा शीघ्र स्थापित करने की बात कही है। इस अवसर पर सरगुजा सेवा समिति की बैठक में सरगुजा सेवा समिति अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी ने विजयादशमी महोत्सव हेतु शासन द्वारा 10 लाख रुपये की राशि दिए जाने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का समिति तथा आम जनता की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने अपने मद से लोकप्रिय जननायक स्वर्गीय रविशंकर त्रिपाठी जी के नाम से चौक निर्माण के लिए 6 लाख रुपये की राशि दी थी जिससे चौक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बैठक में सरगुजा सेवा समिति ने आम जनता के प्रति भी कोटि कोटि आभार व्यक्त किया है जिनके अमूल्य सहयोग से इस बार ऐतिहासिक रावण दहन उत्सव सम्पन्न हुआ है। इस अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम में व्यवस्था में लगे शासकीय विभागों के प्रमुख कर्मचारियों सम्मान किया गया।

इस अवसर पर भारत सिंह सिसोदिया, करता राम गुप्ता, संजय अग्रवाल, आलोक दुबे,प्रयांग साहू, विद्यानंद मिश्रा, राजेश कश्यप ,रमेश जायसवाल, महेंद्र अग्रवाल, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, आकाश गुप्ता, श्वेता गुप्ता, राजबहादुर शास्त्री, मंजूषा भगत, विवेक दुबे, कैलाश मिश्रा, नरेन्द्र टूटेजा, वीर सोनी, दुधनाथ गोस्वामी, मुकेश तिवारी, जयशंकर त्रिपाठी, राहुल त्रिपाठी, प्रियंका चौबे, नीलम राजवाडे, सरिता जायसवाल, हैप्पी सिंह, ऋषि त्रिपाठी, उपेन्द्र गुप्ता, सर्वेश तिवारी, जन्मेजय मिश्रा, अमोघ कश्यप, आकाश गुप्ता, वीना दुबे, नीरज अग्रवाल, सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
दैनिक अखबार घटती घटना
में मशीन हेल्फर की आवश्यकता है
योग्यता 10वी पास
वेतन 7 से 10 हजार
कार्य समयः शाम 7 बजे से देर रात तक
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
संपर्क-संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,नमनाकला
अंबिकापुर सरगुजा छत्तीसगढ़, मो. 9826532611

# तुर्की में सरकारी डिफेंस कंपनी पर आतंकी हमला

## आत्मघाती अटैक में 3 लोगों की मौत,हिल गए एर्दोगन





**अंकारा, 23 अक्टूबर 2024।** तुर्की की सरकारी डिफेंस कंपनी तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के मुख्यालक पर एक घातक हमला हुआ है। तुर्की की मीडिया ने अंकारा में मौजूद मुख्यालय पर एक जोरदार धमाके की सूचना दी है। तुर्की की मीडिया में घटनास्थल पर गोलीबारी के फुटेज दिखाए गए हैं। यह एक आतंकी हमला है, जिसमें कई लोगों के मरने की खबर है। तुर्की के मंत्री ने बताया है कि हमले में 3 लोगों की मौत हुई है और 14 लोग घायल हुए हैं। तुर्की के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने इसके बारे में बताया है।

तुर्की के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने एक्स पर लिखा, अंकारा के कहारामनकजान में ज्ज्रस फैसिलिटी के खिलाफ एक आतंकी हमला किया गया था। दुर्भाग्य से हमारे पास शहीद और घायल लोग हैं। विस्फोट और उसके बाद हुई गोलीबारी का कारण साफ नहीं है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि आत्मघाती हमला हुआ था। तुर्की की सरकारी मीडिया अनादोलु एजेंसी ने बताया कि इमरजेंसी सर्विस को घटनास्थल पर भेजा गया है।

### लोगों को बनाया गया बंधक

स्थानीय मीडिया पर दिखाई दी तस्वीरों में धुएं के गुबार और आग जलने की फुटेज दिखाई दी है। न्यूज एजेंसी एएफपी ने हैबर्टर्क टीवी का हवाला देते हुए कहा कि कुछ लोगों को बंधक भी बनाया गया है। इसके अतिरिक्त कोई जानकारी नहीं दी गई। जबकि एक प्राइवेट चैनल ने धमाके के बाद गोलीबारी का उल्लेख किया है। TUSAS तुर्की की सबसे महत्वपूर्ण रक्षा और विमानन कंपनियों में से एक है। यह अन्य परियोजनाओं के अलावा, देश के पहले राष्ट्रीय लड़ाकू विमान ऱ्रह का उत्पादन करता है।

### हमले की किसी ने नहीं ली जिम्मेदारी

अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक घटनास्थल की तस्वीरों में सादे कपड़े में एक व्यक्ति को एक बैग और हथियार पकड़े देखा गया है। एक महिला को भी हाथ में हथियार के साथ देखा गया है। किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। लेकिन तुर्की पर पहले भी ।SIL और प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी की ओर से हमला हुआ है। तुर्की का डिफेंस सेक्टर व्यापक रूप से अपने ड्रोन के लिए जाना जाता है, जो निर्यात राजस्व का लगभग 80 फीसदी है।

# लेबनान से आ रहा था एक संदिग्ध एरियल टारगेट

**» इजरायल में घुसने से पहले ही... IDF कैसे तबाह कर रहा हिजबुल्लाह को**



**तेल अवीव, 23 अक्टूबर 2024।** इजरायली सेना (आईडीएफ) लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों को लगातार निशाना बना रहा है। उसने कई हिस्सों में जमीनी कार्रवाई भी शुरू की है, ताकि हिजबुल्लाह और उसके लड़ाकों का खात्मा किया जा सके। इन हमलों से हिजबुल्लाह भी बौखला गया है और वह लेबनान से इजरायल की तरफ मिसाइलें दाग रहा है, लेकिन इजरायल का एयर डिफेंस सिस्टम उसे नाकाम कर दे रहा है। आईडीएफ ने ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें उसने दुश्मनों के एक मिसाइल को मार गिराने का दावा किया है।

इसके अलावा, दक्षिणी लेबनान के टायर क्षेत्र में इज़रायली सेना द्वारा भारी हवाई हमले किए गए, जिसमें कई इमारतें जमींदोज हो गईं । यह खबर ऐसे समय में आई है, जबकि इजरायल ने कहा है कि उसने इस महीने की शुरुआत में बेरूत में हुए हवाई हमले में हिजबुल्लाह के एक नेता हाशिम सैफीद्दीन को मार गिराया था, जिसके पिछले महीने इजरायली हवाई हमले में मारे गए संगठन प्रमुख हसन नसरल्ला की जगह लेने की प्रबल संभावना थी।

हालांकि, हिजबुल्लाह की ओर से सैफीद्दीन के बारे में तुरंत कोई पुष्टि नहीं की गई है। इजरायल के अनुसार अक्टूबर की शुरुआत में किए गए हमले में सैफीद्दीन और हिजबुल्ला के 25 अन्य नेता मारे गए थे। पिछले सप्ताह इजरायल ने गाजा में युद्ध के दौरान हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार को मार गिराया था। बेरूत के जिस उपनगर में सफीदीन की मौत हुई थी, वहां मंगलवार को फिर से हवाई हमले किए गए। इन हमलों में उस इमारत को निशाना बनाया गया है, जिसमें इजरायल के दावे के अनुसार हिजबुल्लाह का ठिकाना था। इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इजरायल की अपनी यात्रा के दौरान कहा कि नेताओं को सिनवार की मौत को युद्ध खत्म करने के एक अवसर के तौर पर देखना चाहिए।

# करिश्मा कपूर के करकमलों से डॉ डीके सोनी को मिला आई कोन ऑफ इंडिया का बेस्ट एडवोकेट का अवार्ड





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।**

मुंबई के होटल जिंजर में टाइम्स एप्लाइड प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा आयोजित समारोह में अधिवक्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ डीके सोनी को फिल्म एक्ट्रेश करिश्मा कपूर के करकमलों से दिया गया सम्मान

इसके पूर्व 32अवार्ड मिल चुके हैं यह इनका 33वां अवार्ड है

आपको बता दें कि सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ डी0के0 सोनी के द्वारा हमेशा न्याय में देरी,भ्रष्टाचार एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य किए जाते रहे हैं।

डॉ डी0के0 सोनी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़,सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी स्तर पर एवं आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर माननीय उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक सफल और निर्णायक कानूनी लड़ाई भी लड़ते रहते हैं।

डॉ डी.के. सोनी द्वारा सरकारी विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों को लेकर अनेकों मामले उठाते रहे हैं, भ्रष्टाचार के विरुद्ध खुलासा कर दस्तावेजों के आधार पर कार्यवाही कराकर कई भ्रष्ट अधिकारियों, ठेकेदारों के विरुद्ध अपराध भी पंजीबद्ध कराया गया है।

टाइम्स एप्लाइड प्राइवेट लिमिटेड के चयन समिति द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक एवं कानूनी स्तर पर तथा फिल्मी छेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का भी चयन किया गया जिसमें सरगुजा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में आरटीआई एवं अन्य कानूनी के माध्यम से लगातार सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए अंबिकापुर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डॉ डी के सोनी को देश के कोने कोने से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं और कई फिल्मी तथा टीवी एक्टरों के समक्ष होटल जिंजर मुंबई में दिनाक 19/10/24 दिन शनिवार को फिल्म एक्ट्रेश और सुप्रसिद्ध हिरोइन करिश्मा कपूर के कर कमलों से आई कोन ऑफ इंडिया का बेस्ट एडवोकेट एंड आरटीआई एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर 2024 का अवॉर्ड दिया गया। मुंबई के उक्त कार्यक्रम में देश के अलग अलग राज्यों से अलग अलग क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ साथ फिल्मी और टी वी के अनेक एक्टर जिसमे अहसान कुरैशी, अभिषेक कपूर ,के अलावा कई टीवी एक्टर उपस्थित थे को भी सम्मानित किया गया। उक्त अवार्ड कार्यकर्म का संचालन पूर्व मिस इंडिया सिमरन आहूजा ने की तथा कार्यकर्म में टाइम्स एप्लाइड के चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर नितिन गोहिल भी उपस्थित थे।

अधिवक्ता डॉ डी के सोनी को उक्त अवार्ड मिलने से उनके शुभचिंतकों सहित अधिवक्ताओं और सोसल जस्टिस प्राप्त करने वालो में हर्ष व्याप्त है।

इस मौके डॉ डी के सोनी ने यह कहा है कि यह अवार्ड उनके द्वारा किए जा रहे जनहित और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा देता है और भविष्य में आगे अधिक ऊर्जा से तेज गति से सामाजिक और जनहित के कार्य को करने प्राथमिकता दिया जायेगा।

# सेवा किटी समूह के सदस्यों के द्वारा पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया चार बैरिकेट्स

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।**

वरिष्ठ समाजसेविका सुश्री वन्दना दत्ता दीदी के नेतृत्व में सेवा किटी समूह के सदस्यों के द्वारा यातायात सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात कार्यालय घड़ी चौक अम्बिकापुर में ?सरगुजा पुलिस अधीक्षक महोदय योगेश पटेल को चार बैरिकेट्स सौंपा गया। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक महोदय सरगुजा को सेवा किटी समूह की वरिष्ठ समाजसेविका सुश्री वन्दना दत्ता, श्रीमती संतोष पाण्डेय, नीलिमा गोयल, मधु चौदहा,लिलि बसु, नमिता चावला, अमिता सिंह ,स्मिता तिवारी एवं सुनिता दास के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र से जुड़ी हुई सेवा भावी सेवा किटी समूह बहनों के द्वारा रक्षित निरीक्षक यातायात प्रभारी तृप्ति सिंह राजपूत, नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी मंगल पाण्डेय निर्देशक चिराग सोशल वेलफेयर सोसायटी अम्बिकापुर एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी जी स्टेट कौंसिल मेम्बर आर्ट ऑफ लिविंग सह काउन्सलर नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र अम्बिकापुर के गरिमामयी उपस्थिति में यातायात व्यवस्था में सामुदायिक सहभागिता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चार बैरिकेट्स सरगुजा पुलिस अधीक्षक महोदय को सौंपा गया। तत्पश्चात् नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र में सरगुजा पुलिस अधीक्षक महोदय योगेश पटेल जी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अमोलक सिंह ढिल्लो के उपस्थिति में सेवा किटी समूह की संचालिका सुश्री वन्दना दत्ता दीदी के द्वारा सेवा किटी समूह के द्वारा जनहित में किए जा रहे विविध कार्यो एवं अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि पुलिस मजबूत तो समाज सुरक्षित, नागरिक अपने सुरक्षा के प्रति सजग रहें,वो भी महिलाएं जो परिवार की तथा शहर के जरूरतमंद की सेवा में आगे हैं वन्दनीय हैं। सेवा किटी समूह की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती संतोष पाण्डेय ने बताया कि सेवा किटी समूह में स्वस्फूर्त महिलाएं जुड़कर निरंतर जरूरतमंद लोगों की मदद कर रही हैं। वरिष्ठ सदस्या नीलिमा गोयल एवं मधु चौदहा ने सेवा किटी समूह के गठन, कार्य प्रणाली एवं अब तक के किए गए कार्य एवं अनुभवों को बताया। सरगुजा पुलिस अधीक्षक महोदय योगेश पटेल ने सेवा किटी समूह के बहनों को धन्यवाद देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि निश्चित ही सेवा किटी समूह के द्वारा निरंतर नि॰ स्वार्थ भाव से किया जा रहा विविध कार्य सराहनीय है। आप सभी के कार्यो से सामाजिक कार्यो में अन्य लोगों को आगे आने हेतु प्रेरणा मिलेगी। वरिष्ठ समाजसेवी मंगल पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोविड काल में मेरे परिवार के सभी सदस्य अलग - अलग अस्पतालों में भर्ती थे ।उस विषम परिस्थिति में मेरे परिवार को भोजन दस दिनों तक सेवा किटी समूह के द्वारा उपलब्ध कराया गया। मैं और मेरा परिवार सदैव वन्दना दीदी एवं सेवा किटी समूह का त्रृणी रहेगा। वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी जी ने कहा कि कोविड काल के दौरान सेवा किटी समूह के सदस्यों के द्वारा ही अन्नपूर्णा समूह के माध्यम से दो माह भोजन अपनी थाली से दिया जाता रहा है।साथ ही अभी तक निरंतर जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुझे भी इस पुनीत कार्य के दौरान भोजन वितरण में सहभागिता करने का सौभाग्य मिला।रक्षित निरीक्षक यातायात प्रभारी तृप्ति सिंह राजपूत ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सेवा किटी समूह के सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा की। परिणामस्वरूप कम्युनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र के समन्वयक अनिल कुमार मिश्रा एवं यातायात कार्यालय घड़ी चौक अम्बिकापुर के सभी अधिकारियों एवं आरक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।



# जायसवाल महासभा के उमेश जायसवाल बने अध्यक्ष

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।**

कलचुरी जायसवाल समाज का महत्वपूर्ण बैठक जायसवाल भवन बौरीपारा अंबिकापुर में आयोजित किया गया बैठक में समाज के संरक्षण श्याम लाल जायसवाल , हरिशंकर जायसवाल विजय जायसवाल, पीएस कुमार, शिव कुमार जायसवाल ,पार्षद रमेश जायसवाल, सुरेश प्रसाद जायसवाल, विजय गुप्ता, जवाहर लाल गुप्ता, कौंतेय जायसवाल के उपस्थिति में जायसवाल समाज का पुनर्गठन किया गया। जिसमें जायसवाल महासभा के अध्यक्ष के रूप में उमेश जयसवाल को नियुक्त किया गया। साथ ही जायसवाल महिला मंच के अध्यक्ष के रूप में पूर्व पार्षद श्वेता गुप्ता को अध्यक्ष मनोनीत किया गया तथा युवा मंच के अध्यक्ष के रूप में आयुष जायसवाल की नियुक्ति की गई। इस बैठक में आगामी भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया और एक भव्य महा रैली संभागीय स्तर पर आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में मुख्य रूप से समाज के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।



भोला प्रसाद जायसवाल, नारायण प्रसाद जायसवाल, डॉ प्रदीप जायसवाल, प्रोफेसर रमेश जायसवाल, मदन जयसवाल, सोहन जयसवाल, आकाश गुप्ता, दीपक जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, शशि जायसवाल, अंतू जायसवाल, कुंजबाला जायसवाल, सुधा जायसवाल, माधुरी जायसवाल, रश्मि जायसवाल, रीना जायसवाल ,सरिता जायसवाल, ममता जायसवाल, सरोज जायसवाल ,संध्या जायसवाल, आशिमा जायसवाल, अविनाश जयसवाल ,विक्रांत जायसवाल संदीप जयसवाल सीनू, रोहित जायसवाल, राज कीर्ति जायसवाल, इंजीनियर हिमांशु जायसवाल अन्य सामाजिक बंधु विशेषरूप से उपस्थित है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन में विधायक सकुंतला सिंह पोर्ते

## अधिकारियों और ठेकेदार को फटकार,सड़क निर्माण में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिया निर्देश







**- संवाददाता -**
**प्रतापपुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।**

प्रतापपुर से चंदौरा तक 14 करोड़ की लागत से बन रही 7 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण में हो रही अनियमितताओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने अधिकारियों और ठेकेदारों पर कड़ा रुख अपनाया है। जनता के लिए यह सड़क एक बड़ी सौगात थी, लेकिन ग्रामीणों आम जनता की शिकायत पर खबरों में भ्रष्टाचार सड़क निर्माण की शिकायतों के प्रकाशन के बाद विधायक एक्शन मोड में आ गईं।

आज दिन के 12:00 बजे विधायक शकुंतला सिंह ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर, तथा सड़क का निरीक्षण करने पर कई तरह की अनियमित पाई गई सड़क का बेस सही नहीं था सड़क में बड़े-बड़े गिट्टी मिट्टी के साथ में डाले गए हैं। तथा कहीं-कहीं 20 एमएम का गिट्टी मिक्स किया गया है तथा सड़क का मानक के विपरीत कार्य हुआ है। जिस पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और ठेकेदारों के लोगों को जमकर फटकार लगाई और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में कमी व सड़क के बेस की खराब स्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए, और निर्माण सामग्री की लैब टेस्टिंग अनिवार्य की जाए। तथा कहीं-कहीं जांच वाले स्थान पर मोटा थिकनेस कर दिया गया है सड़क घोटाई से लेकर डामरीकरण तक स्तरहीन है।

जनता की शिकायतों और विधायक के निरीक्षण के बाद, उच्च स्तर पर जांच के निर्देश दिए गए हैं। विधायक ने कहा कि भुगतान केवल गुणवत्ता जांच के बाद ही किया जाएगा और अनियमितता मिलने पर ठेकेदार और अधिकारियों पर सख्त वा कड़ी कार्रवाई होगी। तथा इस सड़क के गुणवत्ता को लेकर मुख्यमंत्री सहित पीडब्ल्यूडी मंत्री, पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों से शिकायत भी करेंगे, जिससे गुणवत्तापूर्ण कार्य हो सके और जहां-जहां कार्य हुआ है जांच कर भुगतान में कमी की जाएगी, विधायक ने कहा कि शासन का पैसे का दुरुपयोग बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा आम जनता के लिए बनाई जा रही यह सड़क लंबे समय तक चले जनता यही चाहती है। अधिकारी और ठेकेदार की मिली भगत बिल्कुल नहीं बर्दाश्त की जाएगी।

वही इस मामले में पीडब्ल्यूडी के एसडीओ वा इंजीनियर ने भी कहा कि मामले की कड़ी जांच होगी तथा लैब टेस्टिंग के बाद ही भुगतान किया जाएगा तथा उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। तथा मेजरमेंट के हिसाब से भुगतान होगा। और लैब टेस्टिंग के लिए लगाए गए पदार्थ का जांच भेजा जाएगा तथा हर जगह थिकनेस जांच सहित नीचे का बेस का जांच परख किया जाएगा।

स्थानीय ग्रामीणों में निर्माण कार्य को लेकर गहरा आक्रोश है, और उन्होंने भी सड़क की गुणवत्ता की जांच की मांग की है। और कहा कि महज एक महीना में सड़क का निर्माण भी पूर्ण कर दिया जा रहा है। मौके भाजपा मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, मुकेश तायल, हरी गुप्ता, गुलाब मोहन तिवारी, अवधेश पांडे, मौके पर पत्रकार, ग्रामीण ,आम जनता,पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, इंजीनियर, और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तत्कालीन विधायक ने जीएम बंगले की पाइपलाइन लव लस्कर के साथ पहुंच कर तोड़ी थी...4 साल बाद भी नहीं हुआ जुर्म दर्ज...



## आरटीआई कार्यकर्ता जुर्म दर्ज कराने परिवाद किया दायर

### पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल के विरुद्ध अपराध दर्ज कराने आरटीआई कार्यकर्ता न्यायालय में दायर किया परिवाद किया,4 साल पुराना मामला,विधायक के अशोभनीय व्यवहार को लेकर मामला दर्ज करने की मांग

-रवि सिंह-
चिरीमिरी,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

तत्कालीन मनेन्द्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल के विरुद्ध एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र महाप्रबंधक व सिक्योरिटी गार्ड ने महाप्रबंधक आवास में तोड़फोड़ करने व अशोभनीय व्यवहार करने के संबंध में पोड़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई है पर सत्ता में होने के कारण उस समय शिकायत पर अपराध दर्ज नहीं किया गया अब जब 4 साल उस मामले को भी चुके हैं, अब चिरमिरी निवासी आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा मनेंद्रगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ विनय जायसवाल के विरुद्ध अपराध दर्ज कराने का जिम्मा उठाते हुए न्यायालय में परिवाद दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार 4 साल पुराना मामला है, जिसमें विधायक डॉ विनय जायसवाल के द्वारा एसईसीएल के महाप्रबंधक घनश्याम सिंह के बंगले पर जाकर पानी का पाइप काटा गया था। आरटीआई कार्यकर्ता ने अपने शिकायत में वर्ष 2020 में एसईसीएल के द्वारा सूचना के अधिकार पर प्रदान की गई जानकारी और वर्ष 2024 में थाना पोंडी से प्राप्त की गई जानकारी का आधार लिया गया है, इस संबंध में आईटीआई कार्यकर्ता ने विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के समाचार को आधार बनाया है।


दैनिक घटती घटना News www.ghatatighatana.com | शनिवार 12 सितम्बर 2020 | 6

भाजपा ने कहा यह विधायक का अमर्यादित रवैया, विरोध किसी के कार्यालय में किया जाता है न कि घर में

विधायक सत्ता के नशे में चूर महाप्रबंधक के घर में घुसकर किया तांडव

महाप्रबंधक के घर पाईप लाईन काटने व तोड़ने को लेकर ऑफिसर्स एसोसिएशन आक्रोशित,विधायक के खिलाफ थाने में की शिकायत

आगे की बनी रणनीति

कानून हाथ में लेने का अधिकार किसने दिया विधायक को

## आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा ने किया शिकायत

आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा अपने शिकायत में लिखा गया है कि दोषी व्यक्ति के द्वारा निम्न प्रकार से अपराध किया गया है। महाप्रबंक के बंगले पर महाप्रबंधक के प्रयोग के लिए पाईप जिसमें जल की आपूर्ति की जाती है काटा और तोड़ा-मरोड़ा गया है इस पाइप की कीमत 50 रूपए से अधिक होने के कारण यह रिष्टि की श्रेणी में आता है जो आईपीसी की धारा 427 के तहत दंडनीय अपराध है, दोषी व्यक्ति के ?द्वारा महाप्रबंधक के निज निवास पर उपहति कर, गृह अतिचार किया गया है जो आईपीसी की धारा 452 के तहत दंडनीय अपराध है, साथ ही यह संज्ञेय अपराध भी है, इसके साथ ही दोषी व्यक्ति के ?द्वारा महाप्रबंधक के बंगले पर लोक संपत्ति की क्षति कारित की गई है जो लोग संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 के तहत दंडनीय अपराध है, यह विशेष अधिनियम का अपराध होने के कारण संज्ञेय अपराध भी है। दोषी व्यक्ति के द्वारा किया गया उपरोक्त समस्त कृत्य विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और यूट्यूब में अपलोड किया गया है, साथ ही दोषी व्यक्ति के द्वारा महाप्रबंधक से इस संबंध में क्षमा याचना भी की गई है, इसका वीडियो भी यूट्यूब पर अपलोडेड है, इस शिकायत में विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता व वीडियो में दिखाई दे रहे अन्य व्यक्तियों को साक्षी के रूप में कथन दर्ज किया जा सकता है।

## शिकायत किया...पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई

इस संबंध में एसईसीएल चिरमिरी के सिक्योरिटी विभाग का कर्मचारी बनमाली के द्वारा भी थाना प्रभारी पोंडी को एक लिखित शिकायत किया गया था, इस शिकायत के साथ आरटीआई कार्यकर्ता को सूचना के अधिकार पर महाप्रबंधक के बंगले के टूटे हुए पाइप की फोटो भी प्रदान किया गया है, आरटीआई कार्यकर्ता ने सूचना के अधिकार पर एक आवेदन प्रस्तुत कर पोंडी पुलिस से 2024 में जानकारी प्राप्त किया तब उसे ज्ञात हुआ कि पोंडी पुलिस के ?द्वारा इस संबंध में कोई एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है। एसईसील महाप्रबंधक कार्यालय के महाप्रबंधक लोक सेवक होते हैं साथ ही सिक्योरिटी विभाग का कर्मचारी बनमाली भी लोकसेवक है, किसी लोकसेवक के द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए किसी गंभीर अपराध की सूचना थाना में दिए जाने पर अनिवार्य रूप से एफआईआर दर्ज किया जाता है, इसके विपरीत पोंडी थाना के द्वारा इस संबंध में एफआईआ दर्ज नहीं किया गया है।

## राजकुमार मिश्रा द्वारा आरटीआई से निकाली गई जानकारी

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा को एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के लोक सूचना अधिकारी के दवारा जानकारी प्रदान किया गया कि घनश्याम सिंह तात्कालिक महाप्रबंधक एसईसीएल चिरमिरी व सुरक्षा विभाग का कर्मचारी बनमाली के द्वारा दिनांक 8 सितंबर 2020 को थाना पोडी जिला कोरिया को लिखित शिकायत किया गया है कि क्षेत्र के विधायक डॉ विनय जायसवाल के द्वारा अशोभनीय व्यवहार किया गया है महापबंधक ने अपने शिकायत में थाना पोंडी को लिखा कि आज दिनांक 08 सितंबर 2020 को शाम 3ः45 बजे स्थानीय विधायक डॉ विनय जायसवाल के द्वारा मेरे स्थानीय निवास में जल आपूर्ति व्यवस्था की पाइप लाइन को तोड़फोड़ किया गया है तथा मेरी अनुपस्थिति में मेरे आवास के गेट पर उनके लगभग 50 समर्थकों के साथ नारेबाजी की गई है, इसके पश्चात स्थानीय विधायक अपने समर्थकों के साथ मेरे कार्यालय में आए मुझे कुरासिया के विभिन्न कॉलोनी में जल पदाय पर चर्चा हुई इस पर जब मैं महाप्रबंधक आवास में की गई उपरोक्त कृत की भर्त्सना किया तो उन्होंने कहा कि मेरा यह कार्य सही है. डॉ विनय जायसवाल विधायक के इस कृत से हम लोकसेवक आहत हुए है एवं ऐसे में हमारे कार्य क्षमता पर ऋणात्मक प्रभाव पड़ता है। अतः श्रीमान से अनुरोध है कि इस घटना की प्राथमिकी दर्ज करते हुए उचित कार्रवाई किया जाए इसकी प्रतिलिपि महाप्रबंधक के द्वारा कलेक्टर कोरिया पुलिस अधीक्षक कोरिया व नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी को दिया गया था।

# नशा मुक्ति अभियान में समाजसेवियों के साथ जन अभियान परिषद की टीम ने निभाई अहम भूमिका



-बागी कलम-
अनूपपुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

बिजुरी नगर में चल रहे नशा मुक्ति अभियान के तीसरे दिवस का कार्यक्रम रामकृष्ण विवेकानंद विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी का माल्यार्पण, वृक्षारोपण व दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया गया जिसमें समाजसेवियों के साथ जन अभियान परिषद की अहम भूमिका दिखाई पड़ी। जहाँ जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पांडेय ने बताया कि युवा हमारे देश का भविष्य है और युवा पीढ़ी नशे की ओर आकर्षित हो रही है। यदि इसी प्रकार युवा पीढ़ी नशे की ओर जाती रहेगी तो देश का विनाश निश्चित है क्योंकि किसी भी देश की ताकत और किसी भी देश की तबाही एक युवा के हाथ में है। कार्यक्रम पर विद्यालय के प्राचार्य रथ देवीश, मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती साहबिन पनिका, उपाध्यक्ष श्रीमति प्रीति सतीश शर्मा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पांडेय, पूर्व पार्षद मुकेश जैन, वार्ड पार्षद श्रीमती विमला पटेल, जन अभियान परिषद मुकेश गौतम, निखिल कुमार, मधु सिंह, अमित मिश्रा, धीरज विश्वकर्मा, सोनू मिश्रा, राधा विश्वकर्मा, मीना सिंह व अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।



### नशा ही नशा कारण है : मुकेश जैन

नशा कभी भी व्यक्ति का विकास नहीं करता विनाश के सिवा नशा के कारण पूरा घर परिवार बर्बाद हो जाता है, इसीलिए नशा नाश का कारण बताया गया है।

### नशा समाज के लिए अभिश्राप है : मुकेश गौतम

नशे में व्यक्ति इतना मगन हो जाता है कि अपने बच्चों को विद्या से,ज्ञान से कोसों दूर भेज देता है। इतना ही नहीं बस नशे के कारण अपने आप को नहीं पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है।

### नशीली दवाएं हो रही उपयोग : निखिल कुमार

आज के युग में नशा कोई धूम्रपान बस नहीं बल्कि नशीली दवाएं भी नशा का मुख्य कारण है। उन्होंने बताया कि कर्म अच्छे करने से राम मिलता है और नशा करने से मुक्तिधाम मिलता है।

### शोशल मीडिया का नशा : अमित मिश्रा

विद्यार्थियों का नशा आज के युग में फेसबुक इंस्टाग्राम इत्यादि है जिससे युवा वर्ग फिसलते चला जा रहा है और धीरे-धीरे काल की गाल में समा जा रहा है।

### नशे से छुटकारा कैसे पाएं : प्रयाग

जिस प्रकार धार्मिक प्रचारक लहसुन प्याज छोड़ने के लिए हमें प्रेरित करते हैं ठीक उसी प्रकार नशा मुक्त भारत करने के लिए हमने यह अभियान चलाया है जिससे निश्चित ही समाज नशा मुक्त बनेगा।

### जीवन अनमोल है : सोनू मिश्रा

वर्तमान में परिवार की बर्बादी का मुख्य कारण आज के दौर में नशा बनता जा रहा है। इसलिए नशा मुक्त अभियान को सब मिलकर सफल बनाएंगे, जीवन है अनमोल यह सब को बतलायेंगे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम दीपक कुमार गुप्ता, पिता श्री स्व0 अशोक कुमार गुप्ता अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम दीपक गुप्ता,पिता-श्री स्व0अशोक कुमार गुप्ता, निवासी/पता-मकान क्रं-404,रिंग रोड राजीव नगर नमनाकला,पो0-अम्बिकापुर , थाना -कोतवाली अम्बिकापुर,जिला सरगुजा छ0ग0 पिन-497001 रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय,अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम दीपक गुप्ता पिता-श्री स्व0 अशोक कुमार गुप्ता से जाना एवं पहचाना जाए।

शपथकर्ता
दीपक गुप्ता,
पो0-अम्बिकापुर , थाना -कोतवाली
अम्बिकापुर,जिला सरगुजा छ0ग0
पिन-497001

**न्यायालय तहसीलदार लटोरी ,जिला-सूरजपुर(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202410262100
अ-19/2023-24

**पुजा राय प्रति छ0ग0 शासन**

सर्व साधारण ग्राम संजयनगर रा.नि.मं. पिलखा तहसील लटोरी जिला-सूरजपुर छ0ग0 को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पुजा रायआ0 स्व विजय राय निवासी ग्राम संजयनगर रा0नि0मं0 पिलखा तहसील लटोरी जिला-सूरजपुर छ0ग0 द्वारा आवेदक के स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम संजयनगर रा.नि.मं. पिलखा तहसील लटोरी स्थित भूमि पुराना खसरा नम्बर 153,156 रकबा क्रमशः 4.00, 3.00 एकड़ भूमि का न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर के रा0प्र0क्र0 77 अ-19/1989-90 पारित आदेश दिनांक 31.05.1990 अनुसार आवेदक के दादा ज्योतिन्द्र नाथ आ0 श्याम चरण सा0 महावीरपुर को पुर्नवास विभाग के तहत शासन से पट्टा प्रदाय किया गया है। उक्त भूमि का नवीन खसरा नम्बर 174/2, 174/13 रकबा 0.274 हे0 भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदिका के नाम पर दर्ज है। शासकीय पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के स्वामी अधिकार नियम 2023 के प्रावधानों के तहत उपरोक्त भूमि का स्वामी अधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाने हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय सूरजपुर के समक्ष प्रस्तुत करने से जांच प्रतिवेदन की कार्यवाही हेतु इस न्यायालय को प्राप्त होने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया।

उक्त भूमि पर जिस किसी को आपत्ति हो तो वह दिनांक 20/11/2024 को स्वतः उपस्थित होकर अपना आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
लटोरी
जिला-सूरजपुर( छ0ग0 )


# सुनालिया पुल में अंडरपास निर्माण हेतु लोगों के व्यवस्थापन के लिए डीएमएफ से 3 करोड़ से अधिक राशि की स्वीकृति



-संवाददाता-
कोरबा,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिले में स्वीकृत महत्वपूर्ण विकास कार्यों एवं जनहितकारी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित विभागों से कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शहर के प्रमुख स्थान सुनालिया नहर पुल मुख्य मार्ग पर बनने वाले वाई शेप अंडरपास के कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सुनालिया नहर पुल के आस पास निवासरत लोगों के व्यवस्थापन हेतु प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 3 करोड़ 30 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही लोगों के परिसम्पत्ति निर्धारण का मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसलिए लोगों को स्थानांतरित का कार्य तेजी से पूर्ण करे। कलेक्टर ने कहा कि सुनालिया रेल्वे क्रासिंग शहर के यातायात का महत्वपूर्ण स्थान है, जहां रेलवे क्रॉसिंग के बंद हो जाने से शहर में वाहनों के जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। शहर में आवागमन की सुगमता के लिए सुनालिया पुल अंडरपास का कार्य तेजी से कराना आवश्यक है। कलेक्टर ने एसडीएम कोरबा को आगामी 15 दिवस के अंदर लोगों को मुआवजा वितरित कर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। जिससे निर्माण कार्य शीघ्रता से प्रारंभ किया जा सके।

# पटना नगर पंचायत चुनाव के संबंध में भाजपा का बैठक संपन्न

-संवाददाता-
कोरिया/पटना,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

पटना नगर पंचायत चुनाव के संबंध में भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक दुर्गा पंडाल पटना में रखी गई थी। बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री भैया लाल राजवाड़े जी भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जयसवाल जी जिला महामंत्री एवं पटना मंडल प्रभारी पंकज गुप्ता जी जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े की पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता जी पूर्व जिला उपाध्यक्ष रवि शंकर शर्मा जी मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल जी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक भैया लाल राजवाड़े जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पटना में प्रथम नगर पंचायत का चुनाव होने जा रहा है सभी 15 वार्ड में कार्यकर्ता अभी से तैयारी शुरू कर दें पूरे 15 वार्ड में प्रथम पार्षद एवं नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा का बनाने हेतु कार्यकर्ता कमरकस लें उन्होंने कहा कि पटना नगर पंचायत के चहुंमुखी विकास के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा। भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल जी ने बैठक में कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव की तैयारी में लग जाए। पटना में प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष भाजपा का बने इसके लिए कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनसंपर्क अभी से करना चालू कर दें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है इस क्षेत्र के विधायक भैया लाल राजवाड़े जी हैं इसलिए पटना का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित है । बैठक में राजेश सोनी शंकर प्रसाद सोनी रितेश सिंह मोतीलाल कुशवाहा विंन्ध्येश पांडे सत्यम साहू राजेश गुप्ता राजेश सोनी सुनील सिंह सत्येंद्र सोनी प्रेम नारायण सिंह तरुण जायसवाल जितेंद्र सिंह रमेश प्रसाद पोया, श्रीधर पांडे देवेंद्र गिरी प्रमोद स्वास्थ्य धीरेंद्र सोनी शिवचरण सुशील सोनी सुमित कुमार मुकेश कुमार प्रेमपाल सिंह संदीप कुमार श्रीवास्तव अमन गुप्ता अभिषेक उपाध्याय सुनील यादव सहित पटना नगर पंचायत के 15 वार्ड के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।



# आदिवासी विकास विभाग के दया बाबू पर आखिर किसकी बरस रही मया?

## लंबे समय से एक ही जगह पर पदस्थापना के कारण हौसले बुलंद है बाबू साहब के

## क्या वेतन के अलावा भी अन्य स्त्रोत से आय अर्जित करता है दया

## सूत्रों का दावा:छिंदडांड़ मे लाखो का मकान,एनएच में जमीन, हाईवा समेत अन्य जगह लगाया है लिपिक दया ने पैसा...



## जनपद पंचायत मनेंद्रगढ के लिपिक की एसीबी की गिरफ्त में आने के बाद हुई संपत्ति की जांच,क्या और लिपिकों ने की है ऐसी अवैध कमाई?

## क्या विभागीय अधिकारियों ने दिया है दया को संरक्षण या फिर अधिकारियों के लिए कमाऊ बना दया बाबू?

## अविभाजित कोरिया के कई कर्मचारियों के अवैध कमाई की चर्चा जोरों पर..

## 2017 में विदेश यात्रा की अनुमति ली गई थी या नही यह भी जांच का विषय..

### एक ही जगह पर लंबे समय से पदस्थ है दया बाबू

कोरिया जिले में सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग का कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर में ही स्थित है, इस विभाग में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 दया बाबू विगत कई वर्षो से एक ही जगह पर अंगद के पैर की तरह जमा हुआ है। लंबे समय से एक ही कार्यालय में पदस्थापना के कारण उसके हाव भाव बढे हुए हैं, सूत्रों का कहना है कि जिन शाखाओ का प्रभार उसे दिया गया है उसमें तो उसकी मनमानी चलती है लेकिन जिनका प्रभार नही है ऐसे शाखा के प्रभारियों को भी वह परेशान करता रहता है और उन पर पूरा नियंत्रण रखता है। विभागीय बजट से लेकर स्थापना जैसा महत्वपूर्ण कार्य उसी को सौंपा गया है जिसकी बदौलत वह खुद को विभाग का सर्वे सर्वा समझता है। छोटे कर्मचारियों से ठीक से बात ना कर उन्हे अपमानित करना उसकी आदत में शुमार है।

### लाखों की संपत्ति क्रय करने का दावा


लिपिक दया ने अपने नौकरी कार्यकाल में आय से अधिक संपत्ति भी क्रय कर ली है ऐसा सूत्रों का दावा है। विभागीय सूत्रों का दावा है कि दया बाबू खुद मंहगी कार मे चलता है, इसके साथ ही उसके द्वारा खुद एवं परिजन के नाम पर कई जगह पैसा लगाया गया है, अभी हाल ही मे छिंदडांड़ में लगभग 40 लाख की लागत से मकान क्रय किया गया है, इसके पूर्व गत वर्ष हाईवा वाहन में भी पैसा लगाया गया है। खरवत बाईपास में भी लाखों का जमीन क्रय किया गया है। अपने निवास स्थल सोनहत विकासखंड के ग्राम कुशमाहा में भी दया बाबू के द्वारा आलिशान मकान बनवाया गया है। मजेदार बात यह है कि उसके द्वारा इसके लिए नियमानुसार विभागीय अनुमति नही ली गई है। पिता एक सामान्य दूध व्यवसायी हैं लेकिन दया बाबू द्वारा आय की तुलना में काफी संपत्ति इकट्ठा करना जांच का विषय है।

### छात्रावास अधीक्षकों को करता है प्रताड़ित

सूत्रों का दावा है कि जिले में जितने भी छात्रावास,आश्रम हैं उनका प्रभार किसी अन्य के पास है लेकिन अधिकारी के निर्देष पर सारा काम दया बाबू ही देखता है। एक छात्रावास अधीक्षक ने नाम ना छापने की शर्त पर बतलाया कि दया बाबू अधिकारी के नाम पर हर माह अधिकारी के नाम पर पैसे की मांग करता है ना देने पर विभिन्न तरह से प्रताड़ित किया जाता है, कार्यवाही करने की बात कही जाती है। अधीक्षक ने कहा कि छात्रावास में गरीबी आदिवासी बच्चो के भोजन एवं अन्य सुविधा के लिए शासन द्वारा राशि जारी की जाती है लेकिन उस पर भी उसकी नजर रहती है। बच्चों का हक मार कर उसे राषि देना मजबूरी है।

### विभागीय कर्मचारी भी हैं परेशान

लिपिक दया बाबू कोरिया जिले की संयुक्त भर्ती अभियान में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ हुआ था और अब सहायक ग्रेड 2 बन चुका है। शूरू से एक ही स्थान पर पदस्थ है जिससे वह अन्य कर्मचारियों को भी परेशान करने में कोई कमी नही छोड़ता है। वेतन, भत्ते समेत अन्य कार्य भी उसके द्वारा किया जाता है और उसमें मनमर्जी की जाती है।






-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में पदस्थ लिपिक विभागीय अधिकारियों के लिए वसूली का साधन बना हुआ है, कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का काम उसे आबंटित किया गया है जिसके माध्यम से वह अधिकारियों का पूरी तरह से ख्याल रखता है, एक ही जगह पर लंबे समय से जमे होने के कारण उसका चाल चलन भी बदल गया है, खुद को विभाग का सर्वे सर्वा समझने वाले उक्त लिपिक के द्वारा बिना विभागीय अनुमति के लाखों की संपत्ति खुद और परिजन के नाम पर क्रय की जा रही है,जो कि जांच का विषय है। मंहगी चार पहिया वाहन में चलने वाला यह लिपिक विभागीय कर्मचारियों से लेकर छात्रावास अधीक्षकों के लिए भी परेशानी का सबब बना हुआ है, अधिकारी को अपनी गिरफ्त में लेकर उक्त कर्मचारी मनमानी भी करता है लेकिन अधिकारी उसकी बोझ तले दबे होने के कारण कुछ भी कहने से बचते हैं। लिपिक का मासिक वेतन 50 हजार भी नही है जबकि उसके द्वारा लाखों रूपये की संपत्ति क्रय की गई है। चर्चा है कि अवैध कमाई के जरिए उक्त लिपिक आय अर्जित कर रहा है। उक्त लिपिक ने विदेश की यात्रा भी की है उसने इसके लिए राज्य सरकार से अनुमति ली थी या नही यह भी मामला संदेहास्पद है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मनेंद्रगढ जनपद पंचायत में पदस्थ लिपिक को एसीबी ने पैसे का लेनदेन करते हुए रंगे हाथ पकड़ा था जिसके बाद उसके घर से लाखों रूपये की बरामदगी हुई यही नही लगभग 10 करोड़ रूपये की संपत्तियों का भी पता चला है। जिसके बाद से यह चर्चा है कि अविभाजित कोरिया के कई ऐसे अधिकारी और कर्मचारी हैं जो कि बेलगाम होकर इसी प्रकार की अवैध कमाई से फल फूल रहे हैं ईडी और आईटी को ऐसे कर्मचारियों पर अब बारीकी से नजर रखने की आवष्यकता यहां भी महसूस होने लगी है।



### अधिकारियों के लिए उगाही करता है दया बाबू

जैसा की सूत्रों का दावा है लिपिक दया अधिकारियों के लिए पूरी ईमानदारी से वसूली का काम करता है जिसकी वजह से अधिकारी द्वारा उसे भरपूर संरक्षण दिया जा रहा है। कभी शिकायत आने पर भी उसे या तो नजर अंदाज किया जाता है या फिर मैनेज करा दिया जाता है। दया की शिकायत कलेक्टर या कि अन्य उच्च अधिकारी तक ना पहुंच सके इसका पूरा ध्यान अधिकारी द्वारा रखा जाता है।

### बना हुआ है विभाग का सर्वेसर्वा

विभागीय सूत्रों का कहना है कि कई वरिष्ठ लिपिक सेवानिवृत्त हो गए एवं कुछ अनुभवी लिपिकों का स्थानांतरण हो गया जिसके बाद से दया साहू खुद को सर्वे सर्वा समझने लगा है।

### विदेश की यात्रा,क्या ली थी अनुमति

लिपिक दया साहू के सोषल मीडिया एकाउंट पर नजर डालने पर देखा गया कि उसने शासकीय सेवा में आने के बाद वर्ष 2017 में पटाया देष की यात्रा की थी। सूत्रों का कहना है कि विदेष यात्रा के लिए दया साहू ने नियमानुसार राज्य शासन से अनुमति नही ली थी,जो कि सिविल सेवा आचरण संहिता का खुला उल्लंघन है। इस मामले की भी जांच किये जाने की आवष्यकता है।

### पार्टनर की एजेंसी से छात्रावासों को गैस सिलेंडर की सप्लाई

सूत्रों ने बतलाया कि लिपिक दया का पार्टनर सोनहत ब्लॉक के कटगोड़ी में गैस एजेंसी का संचालक है। पूर्व में दया साहू ने अपने पार्टनर को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बगैर निविदा के उसी के यहां से जिले के सभी छात्रावासों और आश्रम में गैस सिलेंडर की सप्लाई करा चुका है, इसमें भी निर्धारित दर से काफी अधिक पर खरीदी किए जाने की शिकायत है।

### परिजन के नाम पर बीमा का काम

दावा किया जा रहा है कि दया साहू के द्वारा परिजन के नाम पर बीमा का व्यवसाय भी किया जा रहा है। विभागीय सूत्रों ने बतलाया कि विभाग में कार्यरत कर्मचारियों पर ही दबाव डालकर दया साहू द्वारा जबरन बीमा किया जाता है। यह भी जांच का विषय है।

### करोड़पति निकला एमसीबी का लिपिक, क्या कोरिया में भी होगी जांच?

अभी हाल ही में एसीबी ने जनपद पंचायत मनेंद्रगढ में लिपिक सतेन्द्र सिन्हा को लेनदेन करते रंगे हाथ पकड़ा था जिसके बाद उसके संपत्तियों की जांच की गई है जिसमें 10 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति का पता लगा है जांच अभी जारी है। एक लिपिक के पास इतनी अधिक संपत्ति मिलने के बाद एसीबी समेत अन्य जांच एजेंसी भी हतप्रभ है। सवाल उठता है कि एमसीबी में करोड़पति लिपिक मिलने के बाद क्या कोरिया में भी ऐसे लिपिको की खोज खबर ली जाएगी?

---

सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्रधिकरण का बजट बढ़ने से विकास के पथ पर अग्रसर होगा भरतपुर सोनहत : रेणुका

# विधायक रेणुका के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण के बजट 50 से बढ़ाकर 75 करोड़ किया

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह के आग्रह पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के बजट में 25 करोड़ रुपये की वृद्धि की है। भरतपुर सोनहत विधायक की मांग पर मुख्यमंत्री ने प्राधिकरण का बजट 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करने का निर्णय लिया है अब सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण का बजट 75 करोड़ हो जाने से वनांचल क्षेत्रो का तेजी से विकास होगा। सरगुजा संभाग तेजी से विकास पथ पर अग्रसर होगा। प्राधिकरण के बजट में वृद्धि होने स्व शिक्षा, स्वास्थ्य स्वरोजगार, बिजली, पर्यटन क्षेत्रों मोबाइल नेटवर्क को चिन्हांकित कर विकास किया जाएगा। गौरतलब है कि सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को



जशपुर के मियाली नेचर कैम्प में आयोजित थी जिसमे सरगुजा संभाग के अभी विधायको के साथ ही प्रदेश के केबिनेट मंत्रियों के अलावा विभिन्न विभागों के सचिवों ने हिस्सा लिया था। 5 साल बाद हुई प्रधिकरण की बैठक में एक एक कर मंत्रियों व विधायकों ने अपने अपने सुझाव रखे। इन दौरान भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह जो खुद 2003 से लेकर 2008 तक सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष रही हैं, ने कहा कि सरगुजा संभाग काफी बड़ा है कई वनांचल इलाके इस संभाग में है जहां विकास कार्यो की आवश्यकता है, लेकिन प्राधिकरण के बजट अभी सिर्फ 50 करोड़ है ऐसे में बजट कम होने से कई इलाको में उतना कार्य नहीं हो पाता जितना होना चाहिए विधायक रेणुका सिंह ने अपनी विधानसभा भरतपुर सोनहत क्षेत्र के भगौलिक व क्षेत्रफल के हिसाब से उदाहरण देते हुए प्राधिकरण की बैठक में कहा कि विधानसभा क्षेत्र के जनसंपर्क के दौरान मेरा कई ऐसे वनांचल क्षेत्रों में जाना हुआ जहां लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं को तरसते है। कई इलाके तो ऐसे है जहाँ आज भी मोबाइल नेटवर्क नही है। विधायक रेणुका सिंह के आग्रह व तार्किक बातों पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के बजट 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री की इस बड़ी घोषणा के लिए विधायक रेणुका सिंह ने भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्रवासियों की तरफ से मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

# जंगली सियार के हमले से महिला घायल



-संवाददाता-
खड़गवां,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया वन मंडल के वन परिक्षेत्र खड़गवां में एक जंगली सियार ने एक महिला पर आक्रमण कर उसे घायल कर दिया, वन विभाग ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। उसे इलाज के लिए सहायता राशि भी प्रदान की है। जानकारी के अनुसार परिक्षेत्र सहायक खड़गवां के बीट झांपिमहुआ के कक्ष क्रमांक 626 से लगे ग्राम झांपिमहुआ में ग्रामीण सेमकुंवर पिता महिपाल सिंह जाति गोंड (30) लगभग को सुबह 5:30 बजे घर के पास लगे हैंडपंप में पानी भरने के दौरान वन्यप्राणी सियार द्वारा अचानक हमला कर दाहिने हाथ के कलाई के पास काट कर घायल कर दिया गया है जिसे उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां में भर्ती कराया गया और घायल को सहायता राशि 1000 रूपए प्रदान किया गया। वही सियार ने घर मे बंधी बकरियों पर भी हमला करके घायल कर दिया।

# कोरिया वनमण्डल के टेमरी बीट में विचरण करता कैमरे हुआ कैद हुआ टाइगर

## टेमरी में विचरण कर रहा है बाघ,दो मवेशियों का किया शिकार





-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,23 अक्टूबर 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के जिलामुख्यालय से बमुष्किज 20 किमी दूर ग्राम टेमरी में एक बाघ विचरण कर रहा है, उसने दो मवेषियों का षिकार किया है, बाघ के आने की सूचना पर वन विभाग के अधिकारियों ने टैप कैमरे लगाए और उन कैमरों में बाघ की तस्वीरें कैद हुई है, जिसके बाद वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों में काफी खुषी देखी जा रही है वन विभाग बाघ पर नजर बनाए हुए है।

इस संबंध में गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के एसडीओ अखिलेश मिश्रा का कहना है कि सरकार के द्वारा गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। इधर, बाघों की लगातार आवाजाही जारी है, जिससे सरकार का फैसला सार्थक होता दिख रहा है। ग्राम टेमरी के टेमरी डेम से लगभग 4 किमी की दूरी पर स्थित जंगल में बाघ की उपस्थिति है, 18 अक्टूबर से बाघ यही है और दो मवेषियों का उसने षिकार किया है, बाघ के पदचिन्ह भी प्राप्त हुए है। हमने बाघ की उपस्थिति की जानकारी उच्चाधिकारियों की दी है। यह टाइगर रिजर्व के लिए शुभ संकेत है। जहां बाघ विचरण कर रहा है वो कोरिया वन मंडल के टेमरी बीट है, टाइगर हमारे गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से ही इधर आया है। कोरिया जिले के लिए बेहद हर्ष का विषय है कि लगातार बाघों की आवाजाही बढ़ रही है। 18 अक्टूबर 2024 को कोरिया वन मंडल के टेमरी बीट में एक बाघ की जानकारी प्राप्त हुई, उसने एक भैस को मारकर अपना षिकार बनाया था जिसके बाद डीएफओ कोरिया ने उस स्थान पर टैप कैमरे लगाए जाने के निर्देष दिए, दूसरे दिन रात भर कोई भी जानवर उसे मृत भैस के पास नहीं आया, सुबह 8 बजे बाघ उस मृत भैस के पास आया और कैमरे में कैद हो गया, जब उसकी तस्वीर सामने आई तो विभाग के अधिकारियों की खुषी का ठिकाना नही रहा।

### 5 घंटे बाघ की दहाड़ के बीच गुजारे

बाघ की उपस्थिति स्पष्ट करने के लिए कोरिया वन मंडल की डीएफओ प्रभाकर खलखों ने टैप कैमरे लगाने के आदेश दिए तब 4 से 6 वन कर्मी ग्रामीणों के साथ उस स्थान पर कैमरे लगाने पहुंचें, कैमरे लगाते उनके शाम के 6 बज गए, जैसे ही लगाकर वापस आने लगे, ठीक सामने से बाघ ने दहाडना शुरू कर दिया, सभी इधर उधर भागे परन्तु चारो ओर खाई देख रूक कर अपने अधिकारी को फोन लगाया, जिसके बाद अधिकारियों ने सभी को एक जगह एकत्रित होकर आग जलाकर रूकने को कहा, इस बीच बाघ लगातार दहाडे मार रहा था, जिसके बाद वन विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची और वन कर्मियों को जंगल के 4 किमी अंदर जाकर बाहर निकाला, रात 11 बजे सभी सकुषल जंगल से बाहर आ पाए। वन्य जीव विषेषज्ञों का कहना है कि टाइगर सीधे इंसान पर वार नही करता है उसके भोजन के पास इंसानों की उपस्थिति देख वो इंसानों को डराने के लिए दहाड़ लगा रहा होगा।

CMYK

# भारत-न्यूज़ीलैंड की भिड़ंत आज पूणे के स्टेडियम में

### » दूसरे टेस्ट के पहले दिन बारिश का कोई खतरा नहीं, हो सकते हैं पूरे 90 ओवर्स

**पूणे,23 अक्टूबर 2024।** पहला टेस्ट मैच हार चुकी टीम इंडिया दूसरे टेस्ट में पलटवार करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम की तरफ से बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। इसी वजह से टीम सिर्फ 46 रनों पर सिमट गई थी। फिर दूसरी पारी में भारतीय बल्लेबाजों ने वापसी करने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पहले मैच में बारिश ने भी टीम इंडिया का खेल बिगाड़ा था और मैच में कई बार खलल डाला। अब दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट मैच 24 अक्टूबर से पुणे के मैदान पर होगा। मौसम के लिहाज से फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। पहले दिन बारिश खेल में खलल नहीं डाल सकती है। एक्यूवेदर की रिपोर्ट के मुताबिक 24 अक्टूबर को सुबह, दोपहर और शाम तीनों वक्त सिर्फ एक प्रतिशत ही बारिश है। मौसम साफ रहेगा और धूप भी खिली रह सकती है। ऐसे में लग रहा है कि पहले दिन पूरे 90 ओवर्स का खेल हो सकता है।




### मददगार हो सकती है पिच

रिपोर्ट के मुताबिक पुणे की पिच काली मिट्टी से बनाई गई है। ऐसे में ये पिच स्पिनर्स की मददगार हो सकती है। टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में भी बदलाव की संभावना नजर आ रही है। कुलदीप यादव की जगह वॉशिंगटन सुंदर को जगह मिल सकती है। भारत के पास स्टार खिलाड़ियों की फौज है, जो उन्हें मैच जिता सकते हैं।

### फाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदार है टीम इंडिया

भारतीय टीम ने पुणे के मैदान पर अभी तक सिर्फ दो ही टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से एक जीता और एक हारा है। टीम इंडिया ने साल 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच हारा था। वहीं बाद में साल 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला जीता था। भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदार है। टीम इंडिया इस समय प्वाइंट्स टेबल में पहले नंबर पर मौजूद है। फाइनल में पहुंचने के लिए उसे चार जीत की आवश्यकता है। ऐसे में दूसरा टेस्ट उसके लिए बहुत अहम है।

## संक्षिप्त खेल की खबरें

### ऋषभ पंत पुणे टेस्ट खेलेंगे या नहीं,गौतम गंभीर के इस बयान से हुआ साफ



**नईदिल्ली,23 अक्टूबर 2024।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच 24 अक्टूबर से पुणे में सीरीज का दूसरा टेस्ट शुरु हो रहा है. पहला टेस्ट 8 विकेट से गंवाने वाली टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में कई बदलाव की संभावना जताई जा रही है. लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि इंजरी से जूझ रहे ऋषभ पंत खेलेंगे या नहीं। इस पर टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। गंभीर ने कहा है कि पंत इंजरी से उबर चुके हैं और दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। गंभीर के इस बयान के बाद अब यह तय हो गया है कि पंत पुणे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे।

### हम भारत की स्पिन से नहीं डरते



**नईदिल्ली,23 अक्टूबर 2024।** न्यूजीलैंड ने भारत को बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 8 विकेट से हरा दिया था. न्यूजीलैंड को 36 साल बाद भारत में टेस्ट मैच में जीत मिली थी। इस जीत के बाद टीम के हौसले बुलंद हैं और टीम पुणे में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में भी भारत को कड़ी टक्कर देने के लिए पूरी तरह तैयार है। टीम के एक खिलाड़ी ने दूसरे टेस्ट से पहले एक बड़ा बयान दिया है।न्यूजीलैंड के युवा बल्लेबाज रचिन रवींद्र ने बेहद साहसिक बयान दिया है। रवींद्र ने कहा कि हमें स्पिन की कोई चिंता नहीं है।

## अपराजित भारत ने मेजबान मलेशिया को 4-2 से हराया

**जोहोर बाहरू,23 अक्टूबर 2024।** अपराजित भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में मेजबान मलेशिया को 4-2 से आसानी से हराकर अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत 9 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, जबकि न्यूजीलैंड 5 अंकों के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।



भारत की जीत में शारदा नंद तिवारी (11), अर्शदीप सिंह (13), तलेम प्रियोबर्ता (39) और रोहित (40) ने गोल किए, जबकि मलेशिया के लिए मुहम्मद दानिश ऐमान (8) और हैरिस उस्मान (9) ने गोल किए।

दरअसल, मेजबान मलेशिया ने मैच की शुरुआत में ही भारत को बैकफुट पर धकेलकर शानदार शुरुआत की। मैच के 8वें मिनट में उनके कप्तान मुहम्मद एडी जाजमी जमलूस ने मुहम्मद दानिश ऐमन की मदद से एक बेहतरीन फील्ड गोल किया। अगले मिनट में उन्होंने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली, जब उस्मान हैरिस ने पीसी से गोल किया।

हालांकि मलेशिया की 2-0 की बढ़त भारत के लिए झटका थी, लेकिन उनके फॉरवर्ड ने शुरुआती घबराहट को दूर किया और गोल करने के मौके बनाए। फॉर्म में चल रहे ड्रैग फ्लिकर शारदा नंद तिवारी ने 11वें मिनट में पीसी को बदलकर भारत का पहला गोल करने में मदद की।

भारत ने 13वें मिनट में बराबरी की, जब मनमीत सिंह की मदद से अर्शदीप सिंह ने एक बेहतरीन फील्ड गोल किया। जबकि दूसरा क्वार्टर गोल रहित रहा, तीसरे क्वार्टर में काफी एक्शन देखने को मिला और भारत ने हाफ-टाइम ब्रेक के बाद अपने हमले में नए जोश के साथ वापसी की।

मैच में पहली बार, उन्होंने 39वें मिनट में 3-2 की मामूली बढ़त हासिल की, जब तालिम प्रियोबार्ता ने सर्कल के किनारे से गोल पर सफल शॉट लिया। बाद में, रोहित ने एक बेहतरीन पीसी हमले के साथ बढ़त को 4-2 तक बढ़ाया।

चौथे क्वार्टर की शुरुआत मलेशिया द्वारा पीसी अर्जित करने के साथ हुई, लेकिन वे निशाने से चूक गए। अगले मिनटों में, भारत और मलेशिया दोनों ने पीसी की झड़ी लगा दी, लेकिन कोई भी सफल रूपांतरण नहीं कर सका।

हालांकि, भारत ने अंतिम हूटर तक 4-2 की बढ़त बनाए रखने और अंक तालिका में शीर्ष पर बने रहने में अच्छा प्रदर्शन किया।

## 27 चौके और 7 छक्के,ट्रेविस हेड ने लगा दिया वनडे का सबसे तेज दोहरा शतक

**नईदिल्ली,23 अक्टूबर 2024।**

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड अपनी विस्फोटक पारी से पिछले 2 साल में गेंदबाजों के लिए आतंक साबित हुए हैं. हेड ने पिछले 2 साल में हर फॉर्मेट में रन बनाए हैं और ऑस्ट्रेलिया को 2 बार आईसीसी खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई है. हेड का घरेलू क्रिकेट में भी एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड था जो टूट गया है.

ट्रेविस हेड और भारत के एन जगदीशन के नाम लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने का रिकॉर्ड था. इन दोनों बल्लेबाजों ने 114-114 गेंदों पर दोहरा शतक लगाया था. न्यूजीलैंड के एक बल्लेबाज ने ये रिकॉर्ड तोड़ दिया है. न्यूजीलैंड के बल्लेबाज चैड बोज ने लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज दोहरा शतक लगाते हुए ट्रेविस हेड और भारत



के एन जगदीशन का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है. चेड बोज ने मात्र 103 गेंद में लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज दोहरा शतक लगा दिया.

## 38 साल के सिकंदर रजा का कमाल

### » हार्दिक,जडेजा और स्टोक्स को पछाड़ा

**नईदिल्ली ,23 अक्टूबर 2024।** जिंबाब्वे क्रिकेट टीम के टी 20 कप्तान सिकंदर रजा को इस फॉर्मेट का दुनिया का बेहतरीन ऑलराउंडर माना जाता है। सिकंदर अकेले दम जिंबाब्वे को कई मैच जीता चुके हैं लेकिन टी 20 विश्व कप के क्वालिफायर मैच में उन्होंने कुछ ऐसा किया है जिसके बाद उनके नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है।

आईसीसी टी 20 विश्व के एक क्वालिफायर मुकाबले में 22 अक्तूबर को जिंबाब्वे और रवांडा की टीमें आमने सामने थी.इस मैच में जिंबाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने ऐतिहासिक गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई. रजा ने 4 ओवर में 1 मेडन फेंकते हुए 18 रन देकर 5 विकेट लिए और जिंबाब्वे को जीत दिलाई. सिकंदर टी 20 में जिंबाब्वे की तरफ से 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं. बता दें कि मौजूदा समय के टॉप




ऑलराउंडर माने जाने वाले हार्दिक पांड्या, बेन स्टोक्स और रवींद्र जडेजा टी 20 करियर में अभी तक 5 विकेट नहीं ले सके हैं.वांडा के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए जिंबाब्वे ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 240 रन बनाए थे। डियोन मायर्स ने 45 गेंद पर 6 छक्के और 11 चौके लगाते हुए 96 रन बनाए। वहीं ओपनर मारुमनी ने 18 गेंद में 44 रन बनाए। मडांडे ने 20 गेंद पर 35 रन की पारी खेली। 241 रन के बड़े लक्ष्य को पाने उतरी रवांडा की टीम सिकंदर रजा की खतरनाक गेंदबाजी के सामने 18 ओवर में महज 91 रन पर सिमट गई. सर्वाधिक 36 रन विकेटकीपर डिडियर ने बनाए। इसके अलावा मुहम्मद नादिर एकमात्र ऐसे बल्लेबाज रहे जिन्होंने 10 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज 2 अंक में नहीं जा सका। 4 बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके. रजा के 5 विकेट के अलावा गवांडु, मुजरबानी और रेयान बर्ल ने 1-1 विकेट लिए।



## केएल राहुल को पता होगा कि उन्हें बड़े रन बनाने हैं:गंभीर

**पुणे,23 अक्टूबर 2024।** न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के दूसरे टेस्ट से पहले, मुख्य कोच गौतम गंभीर ने केएल राहुल का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें यकीन है कि दाएं हाथ का यह बल्लेबाज बड़े रन बनाने के बारे में जानता है।

## अब इस टेनिस दिग्गज ने किया संन्यास का ऐलान



**पर्थ,23 अक्टूबर 2024।** ऑस्ट्रेलिया स्टार टेनिस खिलाड़ी डोमिनिक थिएम ने एर्स्टे बैंक ओपन में लुसियानो डार्डेरी के खिलाफ पहले दौर में हारने के बाद अपने पेशेवर करियर को समाप्त कर दिया। टेनिस के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर और राफेल नडाल ने डोमिनिक थिएम को उनके संन्यास पर बधाई दी है। ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ी ने 2020 यूएस ओपन में प्रमुख खिताब जीता था। इसके साथ ही वह तीन अन्य स्लैम के फाइनल में भी पहुंचे। उन्होंने 17 एटीपी एकल खिताब जीते और करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग नंबर 3 हासिल की और 6 साल तक शीर्ष 10 में शामिल रहे।

## अभिषेक बच्चन की नई फिल्म आई वॉन्ट टू टॉक का टीजर जारी



बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन एक तरफ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। वहीं, उनकी अपकमिंग फिल्म का टीजर आया है। साथ ही उसकी रिलीज डेट भी पता चली है। एक्टर सुजीत सरकार की मूवी आई वॉन्ट टू टॉक में दिखाई देंगे। पहली झलक शेयर करते हुए एक्टर ने बताया है कि ये एक ऐसे शख्स की कहानी है जो हमेशा जीवन के अच्छे साइड को देखता है। भले उसे कितनी भी चुनौतियों का सामना करना पड़े या फिर किया हो।

अभिषेक बच्चन ने आई वॉन्ट टू टॉक की झलक शेयर करते हुए लिखा, %हम सभी एक ऐसे व्यक्ति को जानते हैं जो बात करने के लिए जीना पसंद करता है। यहां एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो हमेशा जीवन के एक अच्छे पक्ष को देखता है, चाहे जीवन में उसके सामने कोई भी चुनौती क्यों न आए! उस व्यक्ति को टैग करें जिसे आप जानते हैं, जो बात करने के लिए जीता है!

### अभिषेक बच्चन की नई फिल्म का टीजर

टीजर में अभिषेक बच्चन का वॉइस ओवर होता है और कार के डैशबोर्ड पर उनके चैहरे से बना एक कार्टून लगा होता है। एक्टर कहते हैं कि उन्हें बात करना पसंद नहीं। वह बात करने के लिए जीते हैं। जिंदा होने और मरने में मुझे बस यही बेसिक अंतर दिखता है। जिंदा लोग बोल पाते हैं। मरे हुए बोल नहीं पाते। इसमें इसकी रिलीज डेट 22 नवंबर बताई गई है, जो कि थिएटर्स में रिलीज होगी।

### लोगों ने अभिषेक से कहा- ऐश्वर्या से बात करो

अभिषेक बच्चन के टीजर पर अनुराग कश्यप ने टीजर की तारीफ की। सोनू सूद ने भी लिखा कि बढिया कंटेंट दिख रहा है। करण जौहर ने कहा, मेरे पसंदीदा फिल्ममेकर और मेरे पसंदीदा शख्स और एक्टर। बढ़िया होगी फिल्म। वहीं, यूजर्स ने कमेंट में ऐश्वर्या राय को लेकर सवाल किया है। एक ने कहा, आपने ब्रेकअप क्यों किया? एक ने कहा, क्या आपने ऐश्वर्या राय को धोखा दिया? एक ने कहा, जाओ और ऐश्वर्या से बात करो। एख ने कहा, भाई मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं प्लीज भाभई और बिटिया से बात कर लो। इतनी नाराजगी ठीक नहीं।




## टाइगर को कोई नहीं रोक सकता...सलमान खान

### बिश्नोई की धमकी के बीच की सिंघम अगेन की शूटिंग


लॉरेंस बिश्नोई से लगातार मिल रही जान की धमकियां भी सलमान खान को रोक नहीं पाई हैं। सलमान को अकेले कहीं भी जाने से मना किया गया है और उनकी सिक्योरिटी भी बढ़ा दी गई है। पर इसके बावजूद उन्होंने जो वर्क कमिटमेंट की है, उसे पूरा करने में लगे हैं। इसी ने फैंस का दिल जीत लिया है। सलमान ने जहां हाल ही भारी सिक्योरिटी के बीच बिग बॉस 18 शूट किया था, वहीं उन्होंने रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में अपना कैमियो भी शूट किया।

रोहित की यह फिल्म दिवाली पर रिलीज होगी। यही नहीं, सलमान ने सिंकदर के भी कुछ सीन्स शूट किए हैं। फैंस सलमान खान के इस डेडिकेशन और कमिटमेंट के मुरीद हो गए हैं, और तारीफ कर रहे हैं। फैंस का कहना है कि सलमान असली टाइगर है। धमकियां भी उन्हें रोक नहीं सकतीं।

### दबंग रीलोडेड के लिए भी दुबई जाएंगे सलमान

सलमान ने जब सिंघम अगेन की शूटिंग की, तो फैंस उन पर प्यार लुटाए बिना नहीं रह सके। सलमान अब दुबई भी जा रहे हैं, जहां उनका दबंग रीलोडेड शो शुरू होगा। इसके लिए भी एक्टर ने पहले से ही कमिटमेंट की हुई थी। सिंघम अगेन की बात करें, तो इसमें सलमान अपने चुलबुल पांडे के रोल में नजर आएंगे। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म की टक्कर भूल भुलैया 3 से होगी।

## सैफ अली खान के बाद अब रावण बनेगा ये साउथ सुपरस्टार



बीते साल प्रभास और कृति सैनन स्टारर फिल्म आदिपुरुष सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में रावण का किरदार सैफ अली खान ने निभाया था। हालांकि रावण के किरदार में सैफ अली खान को काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी। अब रावण का किरदार निभाने के लिए साउथ का एक और सुपरस्टार तैयार हो रहा है। ये सुपरस्टार हीरो बनकर 1 हजार करोड़ी फिल्म भी दे चुका है। लेकिन अब ये धांसू सुपरस्टार नितीश तिवारी की अपकमिंग फिल्म %रामायण% में रणवीर कपूर से रावण बनकर भिड़ने के लिए तैयार है। ये सुपरस्टार कोई और नहीं बल्कि केजीएफ फेम यश हैं। यश ने हाल ही में खुद इस बात पर मुहर लगाई है कि वे रामायण में रावण का किरदार निभाने वाले हैं। फिल्म में रणवीर कपूर राम और साई पल्लवि सीता के रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म को डायरेक्टर नितीश तिवारी डायरेक्ट कर रहे हैं।

यश अपनी अपकमिंग फिल्म टॉक्सिक को लेकर व्यस्त हैं। इसी दौरान यश ने हॉलीवुड रिपोर्टर को इंटरव्यू दिया है। जिसमें यश ने बताया कि मैं अपनी फिल्म टॉक्सिक के वीएफएक्स के चलते अमेरिका के लॉस एंजलिस शहर में था। तभी मेरे पास नमित मल्होत्रा का मिलने का प्रस्ताव आया। हम मिले तो उन्होंने हिचकते हुए रामायण में रावण के किरदार के लिए पूछा। मैंने इस किरदार के लिए हां कर दी। मैं मानता हूं कि इस तरह की फिल्म की मेकिंग प्रोसेस अलग होती है। हमें किरदार की ग्रेविटी और उसी स्तर के एक्टर्स चहिए होते हैं। अगर किरदार को कहानी में स्पेस और सही अंदाज में पेश किया गया है, जो आज के समय में कम होता है, तो मेरे लिए किरदार निभाने में कोई समस्या नहीं है। मैं इस किरदार में कुछ नए प्रयोग करूंगा और अलग तरह से पर्दे पर पेश करने की कोशिश करूंगा।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री साय ने की 12000 नकद बोनस देने की घोषणा



**रायपुर,23 अक्टूबर 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ पावर कंपनी के कर्मचारियों को अधिकतम 12000 रुपए बोनस देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज छत्तीसगढ़ राज्य पवार कंपनी मुख्यालय डंगनिया में छत्तीसगढ़ की तीनों पवार कंपनियों में चयनित 375 कनिष्ठ यंत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए है। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक गण पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, मोती लाल साहू, रोहित साहू, गुरु खुशवंत साहेब, छत्तीसगढ़ पावर कंपनी के अध्यक्ष डॉ रोहित यादव, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद भी उपस्थित हैं।

### वार्ड परिसीमन के विरोध में दाखिल सभी 50 याचिकाएं हाईकोर्ट से खारिज



**नगरीय निकाय चुनाव का रास्ता साफ**

**बिलासपुर,23 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने वार्ड परिसीमन के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। कोर्ट ने याचिकाओं को आधारहीन पाया है। इस फैसले के साथ ही निकाय चुनाव से पहले वार्ड परिसीमन का रास्ता साफ हो गया है। मामले की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में हुई।

### दक्षिण विधानसभा से कांग्रेस के प्रबल उम्मीदवार रहे प्रमोद दुबे नाराज



**कन्हैया अग्रवाल ने भी एक्स पर ट्वीट कर जताई नाराजगी**

**रायपुर ,23 अक्टूबर 2024(ए)।** रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तारीख का ऐलान हो चुका है। जिसके बाद अब बीजेपी और कांग्रेस आमने सामने है। बीजेपी ने अपने उम्मीदवार का पहले ही ऐलान कर दिया था, लेकिन हाल ही में कल यानी मंगलवार को कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा की है। जहां एक तरफ बीजेपी ने सुनील सोनी को चुनावी मैदान में उतारा है, तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने युवा नेता आकाश शर्मा पर दांव खेला है। जिसके बाद कांग्रेस नेताओं में नाराजगी देखने को मिल रही है।

### आरक्षक भर्ती की प्रक्रिया 16 नवंबर से शुरू




**रायपुर ,23 अक्टूबर 2024(ए)।** पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती के 5967 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 04.10.2023 को विज्ञापन जारी किया जाकर दिनांक 01.01.2024 से दिनांक 06.03.2024 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। उक्त भर्ती प्रकिया के प्रथम चरण अंतर्गत अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच, शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन दिनांक 16.11.2024 से रायपुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायगढ़, सूरजपुर, जगदलपुर एवं कोण्डागांव में निर्धारित परीक्षा स्थलों मे किया जावेगा। इस हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेष पत्र छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाईट पुलिस विभाग पर 04.11.2024 से उपलब्ध होंगे।

# बोनस राशि पर हुई गहमागहमी

» बघेल ने गन्ने की बोनस राशि घटाने को लेकर विष्णु सरकार पर साधा निशाना..

» तो भाजपा किसान नेता ने पूछा- आपकी सरकार में लगातार क्यों कम की गई गन्ना प्रोत्साहन राशि..?



**रायपुर,23 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा है कि भाजपा सरकार ने गन्ने की बोनस राशि में 9 रुपए की कटौती करके किसानों को एक और धोखा दिया है। भाजपा के वरिष्ठ किसान नेता व प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने बघेल के 'एक्स' पोस्ट पर चुनौती देते हुए कहा है कि कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने लगातार गन्ने की प्रोत्साहन राशि हर साल घटाई, बघेल पहले उस पर जवाब दें।

**भूपेश ने किया है ये ट्वीट**

भूपेश बघेल ने गन्ने की प्रोत्साहन राशि को लेकर राज्य शासन द्वारा जारी आदेश को अटैच करते हुए ट्वीट किया है कि ÷छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार का किसानों को एक और धोखा। गन्ने की बोनस राशि में 9 रुपए की कटौती कर दी गई। पिछले साल प्रति क्विंटल 72 रुपए बोनस दिया गया था और इस साल 63 रुपए कर दिया गया।

### भाजपा किसान नेता ने दिया ये जवाब

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ किसान नेता व प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 'एक्स' पोस्ट पर चुनौती देते हुए कहा है कि कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने लगातार गन्ने की प्रोत्साहन राशि हर साल घटाई, बघेल पहले उस पर जवाब दें। शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हर स्तर पर प्रदेश के किसानों के साथ छल-कपट और धोखाधड़ी का कलंक लिए फिर रहे बघेल को अब किसानों के नाम पर घड़ियाली आँसू बहाने और प्रदेश को दिग्भ्रमित करने में शर्म महसूस करनी चाहिए।
संदीप शर्मा ने कहा कि बघेल अब गन्ने की प्रोत्साहन राशि के विषय में किसी भी प्रकार का सवाल-जवाब करने का अपना अधिकार खो चुके हैं। बघेल पहले तो यह बताएं कि गन्ने की प्रोत्साहन राशि सन 2020-21 में 93.75 रुपए से घटाकर 84.25 रुपए क्यों की गई? फिर 2021-22 में यह प्रोत्साहन राशि 84.25 रुपए से घटाकर 79.50 रुपए, और 2022-23 में 79.50 रुपए से घटाकर 72.88 रुपए क्यों की गई? अपने पूरे कार्यकाल में गन्ने की प्रोत्साहन राशि में 20.87 रुपए की कटौती करके किसानों की खुली लूट मचाने वाले बघेल अपने कृत्यों पर क्यों नहीं बोलते?

### गन्ना किसानों को मुफ्त शक्कर देना किया था बंद

संदीप शर्मा ने बताया है कि गन्ना में प्रति पंजीकृत किसान को 50 किलो शक्कर भाजपा सरकार मुफ्त देती थी, जिसे भूपेश बघेल ने बंद कर दिया था। पांच वर्षों तक उन किसानों की शक्कर तक खा गए! अब भाजपा के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने सत्ता में आते ही गन्ना उत्पादक किसानों के हक की 50 किलो मुफ्त शक्कर पुनः देना प्रारंभ किया है। शर्मा ने कहा कि कदम-कदम पर किसानों के शोषण की सारी हदें पार कर चुकी पिछली कांग्रेस सरकार के मुखिया के तौर पर अब बघेल प्रलाप करके किसानों को उकसाने और उसकी आड़ में प्रदेश में अराजकता फैलाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं क्योंकि प्रदेश का किसान अब बघेल और कांग्रेसियों के झांसे में कतई नहीं आने वाले हैं।

### धान में भी वादे से कम किया भुगतान

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को यह भी बताना चाहिए कि कांग्रेस ने वादा किया था कि उनकी सरकार किसानों को धान की कीमत 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल देगी, लेकिन सन 2019-20 में धान की कीमत मात्र 2435 रुपए और 2020-21 में धान की कीमत मात्र 2468 रुपए दिए गए। आज बघेल, दीपक बैज किस मुँह से किसानों को 3217 रुपए प्रति क्विंटल भुगतान करने की मांग कर रहे है? किसानों के साथ विश्वासघात करने वाले बघेल और कांग्रेसियों को किसी भी प्रकार से सवाल-जवाब करने का कोई अधिकार नहीं है।




### प्राइवेट यूनिवर्सिटी-कॉलेजों के फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने की तैयारी

**रायपुर,23 अक्टूबर 2024(ए)।** निजी विश्वविद्यालयों में डिग्री को लेकर आ रही शिकायतों पर अब सरकार गंभीर हो गयी है। अब राज्य सरकार प्राइवेट यूनिवर्सिटी और कालेजों की डिग्री पर नजर रखने जा रही है। निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा हुई। जानकारी के मुताबिक इस संदर्भ में जल्द ही उच्च शिक्षा विभाग की तरफ से दिशा निर्देश जारी कर दिया जायेगा। मिली जानकारी के मुताबिक डिग्रियों को लेकर आ रही फर्जीवाड़े की शिकायत पर राज्य सरकार ये कदम उठाने जा रही है। जिसके तहत निजी विश्वविद्यालयों की डिग्रियों और प्रमाण-पत्रों का सरकार हिसाब रखेगी। निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की बैठक में इसे लेकर चर्चा की गयी। जिसमें ये निर्णय लिया गया कि निजी विश्वविद्यालय को विद्यार्थियों का रियल टाइम डाटा देना होगा ।इस जानकारी को निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की वेबसाइट पर शेयर किया जायेगा। यूनिवर्सिटी से आये डेटा को पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा। इस निर्देश की वजह से डिग्री-डिप्लोमा का फर्जीवाड़ा नहीं हो सकेगा। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ में फिलहाल 17 निजी विश्वविद्यालय संचालित हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग ने इसे लागू करने की तैयारी कर ली है।

## हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य मंत्री के निलंबित आदेश पर लगाई रोक





**बिलासपुर,23 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान के डीन डॉ. केके सहारे के निलंबन आदेश पर रोक लगा दी है। स्थगन आदेश मिलने के बाद बुधवार को डॉ. सहारे ने फिर से डीन का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सिम्स में शासी निकाय की बैठक ली थी। बैठक में अनुपस्थित रहने पर पर डीन डॉ.केके सहारे को निलंबित करने का आदेश दिया था। मंत्री के आदेश को डा सहारे ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस पीपी साहू ने डा सहारे की याचिका को स्वीकार करते हुए निलंबन आदेश पर रोक लगा दिया है। याचिकाकर्ता डा. सहारे ने अपनी याचिका में कोर्ट को जानकारी दी है।

### सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग से नाराज सर्व आदिवासी समाज ने फूंका पुतला



**कवर्धा,23 अक्टूबर 2024 (ए)।** कवर्धा में आज सर्व आदिवासी समाज ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सड़क पर उतरकर जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने डिप्टी सीएम विजय शर्मा से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की और पुतला दहन किया। इसके साथ ही हिन्दू जागरण मंच के सदस्यों पर समाज का अपमान करने का आरोप लगाया। आरोप है कि हिन्दू जागरण मंच के सदस्य राजकुमार यादव व समरता समाज के जिलाध्यक्ष कैलाश शर्मा के द्वारा आदिवासी समाज को अपमानित करने के नीयत से अलगाववादी, मिशनरी, इस्लामिक व दुष्ट जैसे शब्दों से सम्बोधित किया। जिसके कारण समाज अपने आपको अपमानित महसूस कर रहा है। वहीं प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा के द्वारा सार्वजनिक मंच से आदिवासी समाज को हुलुलु कहे जाने से समाज नाराज है, इसलिए डिप्टी सीएम सार्वजनिक रूप से समाज से मांफी मांगे। इन्हीं मांगो को लेकर सर्व आदिवासी समाज के द्वारा प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा का सिंग्नल चौक के पास पुतला दहन किया गया।




## सीजीपीएससी ने निकाली वैकेंसी

### एसआई समेत कई पदों पर होगी भर्ती

**रायपुर,23 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है. सीजीपीएससी ने सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडेंट और सूबेदार भर्ती का नोटिफकेशन जारी कर दिया है। इन पदों लिए 23 अक्टूबर से 11 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। भर्ती के संबंध में सीजीपीएससी की वेबसाइट पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ट्वीट कर युवाओं से कहा है कि अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाओ.जारी अधिसूचना के अनुसार एसआई के 278 पदों के अलावा 19 सूबेदार, 11 उप निरीक्षक (विशेष शाखा), 14 प्लाटून कमांडर, 4 उप निरीक्षक (अंगुल-चिन्ह), 1 उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज) , 5 उप निरीक्षक (कंप्यूटर) और 9 उप निरीक्षक (साइबर क्राइम) के पद शामिल हैं। इन आवेदन पत्रों की जांच के बाद पीएससी की ओर से लिखित परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा के लिए उन्हीं उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र दिए जाएंगे, जो भर्ती के लिए जरूरी अर्हताओं को पूरा करेंगे।

# रवि शर्मा ने थाने से बनाया वीडियो

» पुलिस पर धमकी और मारपीट का आरोप, एसपी ने लिया संज्ञान



**रायपुर ,23 अक्टूबर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ी डिजिटल क्रिएटर और फेमस युट्यूबर रवि शर्मा ने थाने एक वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में रवि शर्मा पुलिस पर जबरन थाने लाने, धमकी देने, गाली देने और मारपीट करने का आरोप लगाता हुआ नजर आ रहा है.रवि शर्मा का आरोप है कि बीती रात मठपुरैना स्थित पान ठेला, जो कि मेरे बड़े पिता जी का है। मैं वहां बैठा हुआ था। रात के करीब 11 बजे रहे होंगे. पेट्रिलिंग पुलिस टीम मौके पर पहुंची. महेश नेताम आरक्षक ने करीब 400 रुपये का समान लिया, लेकिन पैसे नहीं दिया। मैंने पैसे की मांग की तो गाली देते हुए धमकी देने लगा। मैंने विरोध किया तो मेरे साथ मारपीट करते हुए मुझे पकड़कर थाने ले आए। थाने में लाने के बाद सीधे लॉकअप में डाल दिया. कुछ देर बाद जब मेरे घर वाले और दोस्त आए और मैंने वीडियो बनाना शुरू किया तो मुझे थाने से छोड़ा गया.रवि शर्मा ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों का व्यवहार इस तरह का रहेगा तो हम जैसे लोगों की सुरक्षा का क्या होगा ? इस घटना से समाज में क्या संदेश जाएगा। पुलिसकर्मियों का मैं दिल से इज्जत करता हूं। इसके कई वीडियो मेरे ब्लॉग पर मिल जाएंगे, लेकिन पुलिसकर्मियों ने जो कुछ मेरे साथ किया वह अत्यंत दुःखद. मैं इस घटना आहत हूं। आरक्षक महेश नेताम को अपने कृत्य पर माफी मांगनी चाहिए और उच्च अधिकारियों इसे गम्भीरता से लेनी चाहिए.वहीं इस मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच कराई जा रही है। मामले को गम्भीरता से लिया जा रहा है। शिकायत सही पाए जाने पर जरूर कार्रवाई होगी।



### निगम अधिकारी और कर्मचारियो को मिलेगा 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का लाभ


**भिलाईनगर,23 अक्टूबर 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग ने राज्य के सभी शासकीय कर्मचारियो के वेतन में 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते में वृद्वि की है। दिनांक 15 मार्च 2024 के द्वारा सातंवा वेतनमान में दिनांक 1 मार्च 2024 से देय 46 प्रतिशत महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि कर 50 प्रतिशत किया गया है। आदेश के परिपालन में आयुक्त बजरंग दुबे ने नगर निगम भिलाई में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियो के वेतन में 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते के आदेश जारी किये है। नियमित कर्मचारियो को महंगाई भत्ता दिनांक 1 अक्टूबर 2024 से स्वीकृत किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई में सभी नियमित अधिकारी/कर्मचारियो को अब 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते लाभ शीध्र ही दिया जायेगा। जो उनके वेतन में सीधे जुड़कर उनके खाते में भेजा जाएगा। आदेश जारी होने से निगम के सभी अधिकारी/कर्मचारी हर्षोल्लास के साथ आयुक्त को धन्यवाद दिये।

## कोर्ट की सख्ती,अलग जेलों में रहेंगे शराब, कोल और चावल घोटाले के पांच आरोपी

» आरोपितों को जेल में दी जा रही थीं वीआईपी सुविधाएं

» जेल में रहकर सिंडिकेट चलाने की मिली थी शिकायत...

» ईडी ने आवेदन लगाया पर स्पेशल कोर्ट ने दिया आदेश...



**रायपुर,23 अक्टूबर 2024(ए)।** आबकारी, कोयला और कस्टम मिलिंग घोटाले में जेल में बंद आरोपितों को प्रदेश की अलग-अलग जेलों में रखने का आदेश दिया गया है। आरोपितों को जेल में वीआईपी सुविधा दी जा रही थी। वहीं, एक साथ जेल में रहकर सिंडिकेट चलाने की शिकायत मिलने के बाद ईडी ने आवेदन लगाया था, जिसके बाद यह आदेश स्पेशल कोर्ट ने पारित किया है।
आबकारी (शराब) घोटाले के आरोपित अनवर ढेबर को अंबिकापुर जेल, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को कांकेर जेल, एपी त्रिपाठी को जगदलपुर जेल, कोयला घोटाले के मुख्य सरगना सूर्यकांत तिवारी को जगदलपुर जेल में रखने को कहा गया है। कस्टम मिलिंग के आरोपित मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी को दंतेवाड़ा जेल में भेजा जाएगा।

# सर्पदंश से मौत की मुआवजा राशि के एवज में घूस लेते एसीबी ने दो को किया गिरफ्तार

» प्राकृतिक आपदा के तहत मौत का परिजनों को मिलता है 4 लाख का मुआवजा, बाबू ने मांगे थे 25 हजार रूपये



**कांकेर,23 अक्टूबर 2024(ए)।** बस्तर संभाग के कांकेर जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने 10 हजार की रिश्वत लेते हुए बाबू और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। आमाबेड़ा तहसील में पदस्थ बाबू पुरूषोत्तम सिंह गौतम ने सर्पदंश से हुई मौत की मुआवजा राशि निकालने के एवज में 25 हजार की मांग की थी। वह पूर्व में चार हजार रु. ले चुका था और 10 हजार की रिश्वत के लिए पीड़ित परिवार को बुलाया था। आज एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते बाबू और उसके सहयोगी को रंगे हाथ पकड़ लिया। प्रार्थी अमर सिंह हुपेण्डी, ग्राम अर्रा, तहसील आमाबेड़ा, जिला-कांकेर द्वारा एन्टी करप्शन ब्यूरो, जगदलपुर में शिकायत की गई थी कि उनके चचेरे भाई राधेश्याम हुपेण्डी की सर्पदंश से मृत्यु पश्चात शासन से मिलने वाली 4 लाख मुआवजा राशि की प्रक्रिया पूरी कराने के एवज में आमाबेड़ा जिला- कांकेर तहसील कार्यालय के बाबू पुरुषोत्तम सिंह गौतम ने 25,000 रु0 रूपये रिश्वत की मांग की है, जिसमें से 4,000 रू0 पहले ही ले लिया गया है।




### सुनील सोनी और आकाश शर्मा ने शुभ मुहूर्त में भरा नामांकन

**रायपुर,23 अक्टूबर 2024(ए)।** रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों ने आज नामांकन दाखिल कर दिया है। भाजपा से सुनील सोनी और कांग्रेस से आकाश शर्मा ने शुभ मुहूर्त में अपना नामांकन पर्चा भरा है। दोनों प्रत्याशियों का जब आमना-सामना हुआ तो कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने पूर्व विधायक बृजमोहन अग्रवाल और भाजपा से विधायक प्रत्याशी सुनील सोनी का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)